हरिभूमि
# रायपुर भूमि

एयर होस्टेस की जानकारी को समझ नहीं पाया और गलती कर बैठा




### गलतफहमी के कारण घटना

माना थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना पर यात्री को थाने लाया गया था। घटना गलतफहमी की वजह से हुई। वह फ्लाइट में पहली बार यात्रा कर रहा था। इसके साथ ही दी जा रही जानकारी को समझने में उसने भूल की और इमरजेंसी गेट को छू बैठा। उसने जानबूझकर ऐसा नहीं किया था, पूछताछ के बाद उसका लिखित बयान दर्ज कर छोड़ दिया गया है।

# दिल्ली फ्लाइट के इमरजेंसी गेट को हाथ लगाते ही मचा हड़कंप, यात्री को उतारा, परिवार की यात्रा रद्द

REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दोपहर रायपुर से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट के उड़ान के पहले यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश की। हड़कंप मचने पर विमान को रोककर यात्री को पुलिस के हवाले कर दिया गया। उड़ान के पहले एयर होस्टेस सफर के दौरान सावधानी संबंधी जानकारी दे रही थी, जिसे वह समझने में गलती कर बैठा और गेट पर हाथ दे बैठा। जानकारी के अनुसार दोपहर 2.55 बजे इंडिगो की फ्लाइट क्रमांक 6ई-2205 यात्री को लेकर रायपुर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होती है। बताया जाता ⏭ शेष पेज 13 पर

#### पुलिस को सौंपा गया

एयर होस्टेस जब यात्रा संबंधी जानकारी दे रही थी, इसी दौरान एक पैसेंजर ने इमरजेंसी गेट को छू लिया था। संबंधित यात्री को पुलिस को सौंप दिया गया था।

- **एसडी शर्मा,** डायरेक्टर एयरपोर्ट रायपुर

#### छुट्टी मनाने परिवार सहित जा रहा था

जानकारी के अनुसार राजिम में रहने वाला परिवार छुट्टियां मनाने जा रहा था। करीब आधा दर्जन लोग फ्लाइट के माध्यम से दिल्ली जाकर दूसरे शहर रवाना होते। जिस यात्री ने दिशा-निर्देश को समझने में गलती कर इमरजेंसी गेट को खोलने की कोशिश की, वह भी इसी परिवार का हिस्सा था। यात्री को फ्लाइट से उतारने के बाद उसके परिवार के सभी सदस्यों ने अपनी यात्रा स्थगित कर दी।

---

11 साल के प्रखर और उसके परिवार ने पेश की मिसाल

# ब्रेनडेड के सालाना 500 केस, पर 18 माह में अंगदान के लिए सामने आए सिर्फ आठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ब्रेनडेड होने के बाद अंगों का दान कर 11 साल के प्रखर और उसके परिवार ने समाज के सामने अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। किडनी-लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे सोटो में पंजीकृत 141 लोगों को ऐसे ही दानवीरों की आवश्यकता है। राज्य में हर साल औसतन पांच सौ ब्रेनडेड के मामले सामने आते हैंए इसके बाद भी अंगदान की शुरुआत होने के 18 माह बाद भी केवल आठ परिवार ही अंगदान-महादान का निर्णय कर पाए हैं।

राज्यअंग एवं उतक प्राधिकरण (सोटो) के पास अभी 122 किडनी और 19 लिवर के जरूरतमंद मरीज पंजीकृत हैं, जो प्रखर जैसे महादानियों से अंग मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इन मरीजों के पास दान में मिलने वाले अंग के अलावा अपनी जिंदगी पूरी करने के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है। राज्य में अंगदान की शुरुआत 19 नवंबर 2022 को ⏭ शेष पेज 13 पर

## अभी भी जागरूकता की जरूरत




#### आठ लोगों को जीवनदान

चिकित्सकों के मुताबिक ब्रेनडेड मरीज अपने अंगों के माध्यम से आठ जरूरतमंदों को जीवनदान दे सकता है। चिकित्सकीय प्रक्रिया के तहत किसी मरीज के ब्रेनडेड होने पर परिवार की सहमति से उसकी दोनों किडनी, लिवर, दोनों कार्निया, त्वचा, हार्ट सहित विभिन्न अंगों को दान किया जा सकता है। चिकित्सकों के अनुसार अभी सबसे अधिक समस्या किडनी की बीमारी की है, जिसके लिए अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज डायलिसिस करा रहे हैं।

#### हार्ट ट्रांसप्लांट का इंतजार

छत्तीसगढ़ में ब्रेनडेड मरीजों से मिलने वाले अंगों के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को अंग प्रत्यारोपित किया जा रहा है। यहां किडनी, लिवर, कार्निया, स्किन और हृदय के उतकों का इस्तेमाल अंग प्रत्यारोपण में किया जा रहा है। कुछ अस्पतालों में हार्ट ट्रांसप्लांट की अनुमति दी गई है, मगर यह प्रत्यारोपण फिलहाल शुरू नहीं किया गया है। इसे लेकर आंबेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में आधुनिक ऑपरेशन थियेटर भी तैयार किया जा रहा है।

#### बीस को मिली नई जिंदगी

प्रखर के अलावा सात अन्य लोगों द्वारा दान में दिन गए अंगों के माध्यम से कई लोगों को नई जिंदगी मिली है। इनके किडनी और लिवर के जरिए बीस मरीज अपना सामान्य जीवन जी रहे हैं। बारह लोगों को नई रोशनी मिली है और हृदय के उतक तथा त्वचा के माध्यम से अनेक लोगों को नई जिंदगी की शुरुआत करने में मदद मिली है।

#### एम्स सहित 18 अस्पताल

राज्य में एम्स सहित 18 अस्पताल अंगदान की प्रक्रिया पूरी करने के लिए सोटो के पास पंजीकृत हैं। इनमें डीके अस्पताल सहित दो स्थानों पर स्किन बैंक, दो अस्पतालों में हार्ट ट्रांसप्लांट तथा शेष अस्पतालों में किडनी-लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा मौजूद है। डीके अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट तथा एम्स में लिवर ट्रांसप्लांट की योजना प्रस्तावित है।

#### लगातार प्रयास

अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसमें कुछ सफलताएं भी मिली हैं। 11 साल के मासूम का अंगदान मील का पत्थर साबित हो सकता है। अंगदान के जरिए लोगों को जीवनदान दिया जा सकता है।

- **डॉ. विनीत जैन,** अध्यक्ष सोटो

---

## खबर संक्षेप



### जिलाबदर बदमाश शराब के साथ गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने निजता अभियान के तहत कांकेर के एक जिलाबदर बदमाश को शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात हजार रुपए से ज्यादा कीमत की देशी शराब जब्त की है। स्वीपर मोहल्ले में आशीष कुमार सारथी द्वारा शराब बेचे जाने की जानकारी मिलने के बाद वह जहां रह रहा था, वहां छापे की कार्रवाई की गई। छापे की कार्रवाई में आशीष द्वारा छिपाकर रखी गई 40 पौवा शराब जब्त की गई।

# 124 ट्रेनें अब स्पेशल नहीं, 1 जुलाई से लगेगा सामान्य किराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में संचालित 124 स्पेशल ट्रेनों को अब रेलवे ने नियमित करने का फैसला लिया है, इनमें एक्सप्रेस के साथ मेमू ट्रेनें भी शामिल हैं। रेलवे के इस फैसले से यात्रियों को किराए में बड़ी राहत मिलेगी। स्पेशल ट्रेन में सफर करने यात्रियों को सामान्य एक्सप्रेस की तुलना में अधिक किराया देना पड़ता था, इसे अब सामान्य कर दिया गया है। 1 जुलाई से 128 स्पेशल ट्रेनों से स्पेशल का टैग ⏭ शेष पेज 13 पर



#### दो साल से बढ़ा रहे थे स्पेशल की तारीख

कोरोना के बाद से रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों का परिचालन बढ़ा दिया था, जिसके बाद इन ट्रेनों के परिचालन की तारीख हर तीन से चार महीने में बढ़ाई जा रही थी, लेकिन अब यह 128 स्पेशल ट्रेनें नियमित कर दी गई हैं। रेलवे का कहना है कि इन ट्रेनों को पहले प्रायोगिक रूप में शुरू किया गया था, लेकिन बीते दो साल में रेलवे को स्पेशल ट्रेनों से अच्छा फायदा हुआ है। यात्रियों के बढ़ने के बाद अब रेलवे ने नियमित रूप से इन ट्रेनों को चलाने का फैसला लिया है।

#### इन ट्रेनों से हटेगा टैग

- गोंदिया-समनापुर पैसेंजर ट्रेन
- छिंदवाड़ा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर स्पेशल
- बिलासपुर-गेवरारोड पैसेंजर स्पेशल
- बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर स्पेशल
- रायपुर-बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल
- टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल
- बिलासपुर-गेवरारोड पैसेंजर
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी)-छिंदवाड़ा पैसेंजर
- रायपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर स्पेशल
- चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल

⏭ शेष पेज 13 पर

---

दुर्ग और रायपुर के सदस्यों ने लिए नामांकन फार्म, आज करेंगे जमा

# सराफा चुनाव: एकता और जय पैनल में होगा सीधा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में बिलासपुर-रायपुर के एकता पैनल और दुर्ग-रायपुर के जय सराफा पैनल के बीच सीधा मुकाबला होगा।नामांकन फार्म लेने के अंतिम दिन शुक्रवार को जय पैनल के तीन सदस्यों ने नामांकन फार्म लेकर चुनाव तय कर दिया है। इनके नामांकन शनिवार को जमा होंगे।

दोनों पैनलों ने एक ही तरह के तीन-तीन चुनाव चिन्ह देकर एक चुनाव चिन्ह देने की मांग भी मुख्य चुनाव अधिकारी मगेलाल मालू के सामने रखी है। सराफा चुनाव के लिए नामांकन फार्म लेने का क्रम 5 जून से प्रारंभ हुआ था। एक दिन पहले तक सिर्फ बिलासपुर के एकता पैनल से अध्यक्ष के लिए कमल सोनी, महासचिव के लिए प्रकाश गोलछा और कोषाध्यक्ष के लिए हर्षवर्धन जैन ने नामांकन जमा किए थे। नामांकन का शुक्रवार को अंतिम दिन था। ऐसे में अंतिम दिन दुर्ग और रायपुर सराफा के पदाधिकारियों ने मिलकर जय सराफा पैनल बनाकर चुनाव लड़ने का फैसला किया। अध्यक्ष पद के लिए दुर्ग सराफा के प्रकाश सांखला, महासचिव पद के लिए रायपुर के उत्तम गोलछा और कोषाध्यक्ष पद ⏭ शेष पेज 13 पर



**ये चुनाव चिन्ह मांगा :** बिलासपुर एकता पैनल के कमल सोनी और प्रकाश गोलछा ने बताया, हमने चुनाव चिन्ह के लिए तीन चिन्ह दिए हैं। पहले नंबर पर कलश, दूसरे नंबर पर उगता सूरज और तीसरे नंबर पर दीपक है। इसी तरह से जय पैनल ने भी यही तीन चिन्ह दिए हैं। इनकी तरफ से पहले नंबर पर दीपक, दूसरे नंबर पर कलश और तीसरे नंबर पर उगता सूरज है। चुनाव चिन्ह 13 जून को आवंटित किए जाएंगे।




जय श्री बालाजी
श्री बालाजी गारमेंट सेल
रायपुर के इतिहास में कुछ बड़ा होने वाला है
नेशनल व इंटरनेशनल ब्रांड के गारमेंट्स
जिनकी शोरूम प्राइस 3000 से 4000 रु है
सेल में आपको दे रहे है
मात्र ₹199 में
लेडीज जीन्स, प्लाज़ो,फैंसी टॉप, क्रॉप टॉप, कॉटन टॉप,
लॉन्ग टॉप, कॉटन पैन्ट, ब्रांडेड कंपनी के जीन्स शर्ट
सभी ब्रांड के गारमेंट्स - जीन्स, शर्ट, टी-शर्ट
जिनके शोरूम प्राइस 3000 से 5000 रु तक है
(कंपनी के दबाव के कारण हम उनका नाम नहीं बता सकते)
सेल में आपको दे रहे है
मात्र ₹700
एवं
मात्र ₹1500 में
1500 से 2000/-
वाली व्हाईट शर्ट
Only 199/-
ब्रांडेड व्हाईट कॉटन शर्ट
धमाका
डाउन शोल्डर
फैंसी शर्ट
मात्र ₹399 में
समर स्पेशल किड्सवेअर ऑफर (कॉटन ही कॉटन)
up to 50% OFF
बच्चों के टी-शर्ट, ब्रांडेड कॉलर टी-शर्ट, लोअर, कैपरी, फैंसी टॉप
मात्र ₹79 ₹99 एवं मात्र ₹149
देश की 22 प्रमुख साड़ी निर्माता कंपनियां आज दे रहे हैं 50% से 90% डिस्काउंट
50000 सिल्क साड़ियां
बिलकुल आधी कीमत पर
साड़ियां ही साड़ियां
एक ट्रक साड़ियों का न्यू स्टॉक
(ख़ास वैवाहिक, पार्टीवेयर एवं लेनदेन की साड़ियों का अभूतपूर्व सेल)
5000 से 6000 रु कीमत वाली कांजीपूराम, बनारसी, हैवी वर्क
सिल्क साड़ी समर स्पेशल साड़ियां - पूनम, शिफॉन, जॉर्जेट
₹199 एवं ₹249
OFFER OFFER OFFER OFFER OFFER OFFER OFFER OFFER OFFER OFFER OFFER OFFER
FREE GIFT
2000/- की खरीदी पर लेमन सेट फ्री
5000/- की खरीदी पर 32 पीस का डिनर सेट फ्री
पेपर कटिंग लाने पर
साड़ियों पर 10% की छूट
sumitadvertisers.com
स्थान :
गुरुतेग बहादुर हॉल
जल्दी करें.. सेल सिर्फ 3 दिनों के लिए
गढ़कलेवा के पास, राजभवन गेट
नं.-3 के सामने, घडी चौक, रायपुर

मंत्रालय के करीब बन रहे स्टेशन का काम जून में होगा पूरा ,जुलाई में उद्घाटन की तैयारी

# नए साल से नया रायपुर में ट्रेन चलाने की तैयारी, दिसंबर तक अटल नगर, उद्योग नगर, मुक्तांगन स्टेशन पूरा करने बना लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी से ट्रेन के जरिए नया रायपुर जाने लोगों का सपना इस नए साल से पहले पूरा होगा। डीआरएम और एनआरडीए के अधिकारियों ने स्टेशनों का संयुक्त दौरा किया। प्रोजेक्ट को शीघ्र पूरा करने पर उनकी सहमति बनी है। अटल नगर, उद्योग नगर, मुक्तांगन के पास स्टेशन का काम दिसंबर-2024 तक पूरा करने का लक्ष्य बनाया है। रेलवे के मुताबिक जनवरी से पहले रायपुर से मंदिर हसौद, नवा रायपुर व केंद्री तक ट्रेन शुरू होने की उम्मीद है। रेलवे और नवा रायपुर के इस संयुक्त प्रोजेक्ट में नवा रायपुर से केंद्री तक 25 किमी. रेलवे पटरी बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही नवा रायपुर क्षेत्र में तीन माडल स्टेशन बनाए जा रहे हैं। मंत्रालय के पास बन रहे मल्टी मोड ट्रांसपोर्ट, एमएमटी में स्टेशन के पास से ही बस और आटो की सुविधा मिलेगी।

## स्टेशन के पास से ही यात्रियों को मिलेगी बस और आटो की सुविधा



## ओएचई तार खींचने में हुई लेटलतीफी

अधिकारियों के मुताबिक मंत्रालय के पास सीबीडी रेलवे स्टेशन का कार्य 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसकी डिजाइन में कुछ जरूरी परिवर्तन किया गया है। नवा रायपुर से रेल का यह प्रोजेक्ट दिसंबर 2022 में पूर्ण कर लिया जाना था। कोरोना काल की वजह से भी प्रोजेक्ट में विलंब देखा गया। एनआरडीए के अधिकारियों के मुताबिक नवा रायपुर से केंद्री तक विद्युतीकरण के लिए रेलवे से तय समय पर ब्रेक डाउन नहीं मिल पाया। इसकी वजह से भी गर्डर चढ़ाने से लेकर ओएचई तार खींचने में लेटलतीफी हुई। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक अभनपुर लाइन पर मालगाड़ी चलने की वजह से लंबे समय के लिए ब्रेक डाउन देना मुश्किल रहा। इस मुद्दे पर एनआरडीए के अधिकारियों के साथ बातचीत करके रास्ता निकाल लिया गया है।


हर साल लेटलतीफी के साथ ही प्रोजेक्ट की लागत भी बढ़ गई। वर्तमान में रायपुर से नवा रायपुर होते हुए केंद्री तक रेलवे लाइन से लेकर स्टेशन का यह प्रोजेक्ट दोगुना हो चुका है। प्रारंभ में यह प्रोजेक्ट लगभग 52 करोड़ रुपये के करीब था, लेकिन इसकी लागत बढ़कर अब 100 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है। जानकारों का कहना है नवा रायपुर में ट्रेन के शुरू होने से रेलवे को लाभ होगा। मुख्यमंत्री आवास, राजभवन, मंत्री व अधिकारियों के बंगले यहां लगभग बनकर तैयार हैं। रेलवे मार्ग से जुड़ने से बिलासपुर रायपुर-दुर्ग, भिलाई सहित प्रमुख शहरों से संपर्क जुड़ेगा। विभागीय कामकाजों के लिए भी अधिकारियों को भी सुविधा मिलेगा। मंदिर हसौद से लगभग दो किमी. दूर अटल नगर नवा रायपुर में पहला स्टेशन होगा।

### आपसी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

रायपुर। डीडीनगर थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मनीष कुमार यादव ने बजरंग मानिकपुरी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

## निधन

### शंकर लाल सोनकर



रायपुर। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के सदस्य, आरएसएस कार्यकर्ता टिकरापारा निवासी शंकर लाल सोनकर (69) का 6 जून को निधन हो गया। अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अरविंद, सुभाष, जयश्री के पिता, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुखनंदन सोनकर व रघुनंदन लाल शाकार के छोटे भाई, उमेश, हीरेश, लोकेश, तरूण, अरूण के चाचा थे।

### यशवंतराव नायडू



रायपुर। अमलीडीह निवासी यशवंतराव नायडू (94) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 जून को निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राजेश नायडू, शैलेंद्र नायडू एवं कुमुद नायडू के पिता थे।

### रमेश चंद श्रीवास्तव



रायपुर। रमेश चंद श्रीवास्तव का 6 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम किया गया। वे डॉ. आलोक राय, प्रमुख अभियंता सलिल राय श्रीवास्तव एवं नीरज के पिता थे।

### राजाराम साहू



रायपुर। मोवा निवासी राजाराम साहू का 7 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मदन साहू, रमेश साहू, नरेश साहू, अशोक साहू के बड़े भाई एवं सुनील साहू व मनोज साहू के बड़े पिताजी थे।

### सुशील चौबे



रायपुर। डगनिया बाजार चौक निवासी सुशील चौबे मनियारी वाले (68) का 7 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जून को सुबह 9 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे अंकित और अर्पित चौबे के पिता थे।

15 जून को जांच में नहीं पहुंचे तो रास्ते में रोककर करेंगे फिटनेस जांच

# स्कूल बसों की फिटनेस जांच के चार शिविर में नहीं पहुंचने वाले स्कूल संचालकों को अंतिम चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जून के दूसरे पखवाड़े में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पूर्व परिवहन विभाग स्कूल बसों की फिटनेस जांच करने के साथ बस ड्राइवरों के स्वास्थ्य परीक्षण कराने का काम कर रहा है। अब तक 516 बसों की फिटनेस जांच की जा चुकी है, जिनमें से 86 बस अनफिट पाई गई हैं। परिवहन विभाग ने अनफिट बसों को जल्द से जल्द ठीक कराने के लिए निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक माह पूर्व से परिवहन विभाग स्कूल बसों की फिटनेस जांच करने में जुट गया है। परिवहन विभाग ने स्कूल बसों की फिटनेस जांच करने पिछले महीने 18, 25, 29 मई तथा इस महीने एक जून को शिविर का आयोजन किया। स्कूल बसों की फिटनेस जांच हाईकोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुसार की जा रही है। इसके साथ ही स्कूल बस के ड्राइवरों का नेत्र परीक्षण करने के साथ उनका बीपी, शुगर की जांच कराई जा रही है।




### दस्तावेज सहित मेकैनिकल फिटनेस की जांच

स्कूल बसों की फिटनेस जांच में हैंड ब्रेक के साथ क्लच एक्सीलेटर सही काम कर रहें है या नहीं, इस बात की जांच की गई। साथ ही ब्रेक लाइट, हेड लाइट, पार्किंग लाइट की भी जांच की गई। इसके साथ स्टेयरिंग, हार्न, सीट, रिफ्लेक्टर भी जांचे गये। साथ ही वाहन की आरसी बुक, मोटरयान कर, वाहन के परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र, वाहन के बीमा प्रमाणपत्र, वाहन का प्रदूषण प्रमाणपत्र, चालक का अनुज्ञापत्र जैसे दस्तावेज जांचे गए एवं स्पीड गवर्नर का परीक्षण किया गया।

### जांच नहीं कराने वालों को चेतावनी

गौरतलब है कि जिले में साढ़े 11 सौ के करीब स्कूल बसें हैं, इनमें से अब तक महज पांच सौ स्कूल संचालकों ने अपने संस्थान की बसों की फिटनेस जांच कराई है। फिटनेस जांच कराने नहीं पहुंचने वाले स्कूल संचालकों को परिवहन विभाग के अफसर दो बार नोटिस जारी कर चुके हैं। बावजूद इसके स्कूल संचालकों ने नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया है। क्षेत्रीय परिवहन आयुक्त आशीष देवांगन के मुताबिक ऐसे स्कूल संचलक जिन्होंने अपने स्कूल की बसों की फिटनेस जांच नहीं कराई है, उन्हें 15 जून को फिटनेस जांच कराने अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

### रास्ते में रोक कर की जाएगी जांच

परिवहन अफसर के मुताबिक जिन संचालकों ने अपनी स्कूल बसों की फिटनेस जांच नहीं कराई है, उन बसों को चिन्हांकित कर रास्ते में रोक कर फिटनेस जांच की जाएगी। अफसर के ऐसा करने से हालांकि बस में सवार छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से बसों की जांच जरूरी है। रास्ते में बसों की जांच करने में कमी पाए जाने पर बसों पर भारी भरकम जुर्माना लगाने की अफसर ने चेतावनी दी है।

### नोटिस जारी किया गया है

नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले स्कूल बसों की फिटनेस जांच की जा रही है, अब तक पांच सौ से ज्यादा स्कूल बसों की फिटनेस जांच की जा चुकी है। ऐसे स्कूल संचालक जिन्होंने अपनी बसों की फिटनेस जांच नहीं कराई है, उन्हें 15 जून तक अनिवार्य रूप से अपनी स्कूल बसों की जांच कराने नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद फिटनेस जांच नहीं कराने वाले स्कूल बसों को रास्ते में रोक कर जांच की जाएगी।

- आशीष देवांगन, रायपुर

# शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू ने अनवर के बेटे जुनैद से की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर का बेटा जुनैद से ईओडब्लू के अफसरों ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में तलब कर घंटों पूछताछ करने के बाद शाम को छोड़ा है। गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व अनवर ढेबर, उसके दोनों बेटे सहित अन्य छह लोगों के खिलाफ सिविल लाइंस तथा पुरानी बस्ती थाना में छेड़खानी, शराब घोटाले के गवाह को धमकाने तथा चोरी का अपराध दर्ज है। अपराध दर्ज होने के बाद जुनैद तथा शोएब फरार चल रहे थे, जिनमें से जुनैद ईओडब्लू कार्यालय में बयान दर्ज कराने के लिए पहुंचा।

गौरतलब है कि कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू की टीम को घोटाले के पैसों से जुनैद तथा शोएब के नाम से कई प्रापर्टी होने की जानकारी मिली है। इसी आधार पर ईओडब्लू ने जुनैद को पूछताछ करने नोटिस जारी किया था। उसी नोटिस के जवाब में जुनैद पूछताछ में शामिल होने ईओडब्लू के कार्यालय पहुंचा। जुनैद के साथ शराब घोटाले की जांच कर रही टीम के अफसरों ने अलग-अलग एंगल से घंटों पूछताछ की। ईओडब्लू की टीम ने जुनैद से उसके नाम पर खरीदी गई प्रापर्टी में पैसों के स्त्रोत के बारे में घंटों पूछताछ की है। साथ ही जांच टीम ने जुनैद से शराब घोटाले की संलिप्तता के बारे में पूछताछ की है।

### दो थानों में अपराध दर्ज

सिविल लाइंस थाने में अनवर ढेबर, जुनैद, उसका बड़ा भाई शोएब तथा एक अज्ञात वकील के खिलाफ युवती से साइबर स्टाकिंग के साथ ब्लैक मेलिंग तथा शराब घोटाला के सरकारी गवाह को धमकाने का अपराध दर्ज है। इसके अलावा पुरानी बस्ती थाना में अनवर ढेबर के पूर्व कर्मचारी इरफान मेघाजी ने उसके फ्लैट का ताला तोड़ कर दस्तावेज के साथ कैश 20 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### जांच के बाद गिरफ्तारी

सिविल लाइंस थाने में दर्ज अपराध युवती से साइबर स्टाकिंग, ब्लैक मेलिंग तथा गवाह को धमकाने के मामले में टीआई रोहित मालेकर का कहना है कि मामले की तकनीकी जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस वजह से ईओडब्लू कार्यालय में बयान दर्ज कराने आए जुनैद को गिरफ्तार नहीं किए जाने की बात टीआई ने कही।

# नवाचार के लिए 161 शिक्षकों को मिलेगा शिकसा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी (शिकसा) 12 जून को वृंदावन हॉल में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने वाले प्रदेश के 161 शिक्षकों का सम्मान करने वाली है। जिन शिक्षकों ने कोविड के दिनों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए ऑनलाइन क्लास का संचालन किया, साथ ही शिक्षा को बेहतरी के लिए विभिन्न तरह के प्रयोग किए हैं, जिसके लिए उन्हें राज्यपाल से सम्मान प्राप्त हुआ, ऐसे शिक्षको का उत्साह बढ़ाने की पहल की जाएगी।

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी के संस्थापक डॉ. शिवनारायण देवांगन ने शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि शिकसा द्वारा राजधानी में इस तरह का पहली बार आयोजन किया जा रहा है। विगत पांच साल से शिक्षा एवं शिक्षकों को बढ़ावा देने के साथ ही साहित्यिक सरोकार से जुड़कर काम



करने वाली संस्था के प्रदेशभर में एक हजार से ज्यादा सदस्य हैं। इनके द्वारा चुनी गई अकादमी की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी होगा। संगठन के प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल ने बताया कि इसमें डिप्टी सीएम अरुण साव, दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल होंगे। अतिथियों की विशेष मौजूदगी में शिक्षकों को शिकसा सम्मान दिया जाएगा। बोधिराम साहू, संजय कुमार मैथिल, अर्चना पाठक, मुकुंद उपाध्याय ने बताया कि अकादमी गरीब एवं निराश्रित छात्र-छात्राओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने में सहयोग करती है।

# पहली बार एक साथ दो तरह के शैक्षणिक कैलेंडर जारी, अलग-अलग शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शैक्षणिक कलैंडर जारी कर दिया गया है। प्रदेश के सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में इसे लागू किया जाएगा। ऐसा पहली बार हुआ है, जब एक साथ दो तरह के शैक्षणिक कलैंडर जारी किए गए हैं। दरअसल मौजूदा शैक्षणिक सत्र से स्नातक कक्षाओं में भी सेमेस्टर पद्धति लागू कर दी जाएगी। यह केवल प्रथम वर्ष में लागू होगा। द्वितीय व तृतीय वर्ष में वार्षिक परीक्षा प्रणाली ही लागू रहेगी। ऐसे में दोनों तरह के पैटर्न को ध्यान में रखते हुए कलैंडर जारी किया गया है। इसके मुताबिक, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में 18 जून से 31 जुलाई तक दाखिले होंगे। कुलपति की विशेष अनुमति से 14 अगस्त तक प्रवेश दिए जा सकेंगे। इसके अलावा छात्रसंघ का गठन 24 से 31 अगस्त के मध्य किया जाएगा।




### इंटर्नशिप की अवधि भी तय

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इंटर्नशिप का भी प्रावधान रखा गया है। ऐसे में छात्रों के लिए इंटर्नशिप की अवधि का भी जिक्र शैक्षणिक कलैंडर में किया गया है। सेमेस्टर कक्षाओं की परीक्षाओं की शुरुआत 28 नवंबर से होगी। लिखित परीक्षाएं समाप्त होने के बाद छात्र इंटर्नशिप कर सकेंगे। सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम 31 दिसंबर तक घोषित किए जाएंगे। यूनिट टेस्ट सहित प्रायोगिक परीक्षाओं और आंतरिक मूल्यांकन का भी शेड्यूल तय कर दिया गया है। हालांकि जारी किए गए कैलेंडर में मात्र प्रथम सेमेस्टर का ही शेड्यूल दिया गया है। द्वितीय सेमेस्टर का जिक्र इसमें नहीं है।

# रविवि के सुरक्षाकर्मी ने छात्र को पीटा, कुलपति ने मिलने से किया इनकार तो गले में डाला फंदा

## रविवि में तीन घंटे तक चलता रहा हाईवोल्टेज ड्रामा, अर्द्धनग्न हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि में शुक्रवार को पूरे दिन हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। विवाद ज्ञापन देने जा रहे एक छात्र को सुरक्षाकर्मी द्वारा पीटे जाने के बाद प्रारंभ हुआ। इसके बाद कार्रवाई के लिए छात्र द्वारा कुलपति से मिलने की मांग की गई। तीन घंटे तक इंतजार करने के बाद भी जब कुलपति ने मिलने के लिए समय नहीं दिया तो छात्र ने कैंपस में ही फांसी का फंदा बनाकर आत्मदाह की तैयारी कर ली। मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बीच-बचाव कर छात्र को रोका। छात्रों द्वारा बनाए गए दबाव के बाद पुलिस फोर्स और सुरक्षा के बीच में कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ला ने पीड़ित छात्र और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। छात्रों की समस्याएं सुनने के बाद उक्त गार्ड को रविवि के सुरक्षा व्यवस्था से हटाने का आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात छात्रों द्वारा धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। प्रदर्शन में सूरज साहू, निखिल बघेल, विमल साहू, तारिक अनवर, संस्कार पांडे, रजत ठाकुर, अभिषेक साहू, नवीन यदू ऋषि, योगेश सहित अन्य छात्र एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।



### यह है घटना

रविवि में पढ़ने वाले छात्र भोहराज चौहान द्वारा 20 मई को एलएलबी परीक्षा में हुई त्रुटि के संबंध में ज्ञापन दिया गया था। इस पर हुई कार्रवाई के संदर्भ में छात्र 7 जून को जानकारी लेने विवि पहुंचा। छात्रों का आरोन है कि इसके दौरान विश्वविद्यालय में उपस्थित सिक्योरिटी गार्ड बृजेश पांडे ने भोजराज चौहान से कहा, कुलपति किसी से नहीं मिलते हैं। तुमको अंदर नहीं जाने दिया जाएगा। छात्र को धकेलते हुए चैनल गेट के बाहर कर दिया। जब छात्र ने इसका विरोध किया तो सिक्योरिटी गार्ड द्वारा अपशब्द कहते हुए थप्पड़ के साथ डंडे से भी वार किया गया। मामले की जानकारी होने पर एनएसयूआई कार्यकर्ता भी विवि परिसर पहुंचे और धरना-प्रदर्शन का सिलसिला प्रारंभ हो गया।

### छात्र सुरक्षित नहीं

भाजपा सरकार में आम छात्र अब सुरक्षित नहीं रह गया है। यदि छात्रों के साथ इसी तरह का दुर्व्यवहार होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब कोई छात्र फांसी के फंदे में लटक जाएगा और उसे बचाने वाला कोई नहीं होगा।

-शांतनु झा, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

# निजात कार्यक्रम में शामिल हुए कारोबारी

रायपुर। रवि भवन आडिटोरियम में निजात कार्यक्रम अंतर्गत नशामुक्ति पर कार्यशाला रखी गई, जिसमें सभी व्यापारी एवं उनके कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यशाला में सीएसपी कोतवाली योगेश साहू एवं गोलबाजार थाना प्रभारी अर्चना धुरंधर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया। समाज में फैली इस बीमारी को जड़ से कैसे मिटाया जा सकता है, इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया,



वर्तमान में हो रहे अपराधों में 20 से 30% अपराध नशे की हालत में किए गए हैं। निजात अभियान से फैली जागरूकता से अपराधों में भी कमी आई है। विभाग द्वारा इस पर नियंत्रण के उपाय भी बताए गए। कार्यशाला में अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। रवि भवन से हीरा माखीजा, ठाकुरदास लुल्ला, जय नानवानी, अजय विग, केशव क्षत्री, जय नेभानी, राजा शोभवानी, आनंद क्षत्री, नानक केशवानी, हिमांशु वर्मा, विजय चौधरी, सतीश गिंदवानी, नरेश चौधरी, विजय भक्तानी, सागर हिरानी, गुरमीत सिंह रंधावा, उमा पटेवा, मनीष चंद्राकर, रितेश अन्नदानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

### आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम में कॉमर्स-आर्ट्स आरंभ करने की मांग

रायपुर। गरीब व मध्यवर्गीय परिवार के बच्चों के सामने आर्थिक समस्या रोड़ा न बने, इसके लिए प्रदेश में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की स्थापना की गई थी। प्रदेश में संचालित 403 अंग्रेजी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अब तक आर्ट्स विषय के शिक्षकों का पद सेटअप में स्वीकृत तक नहीं किया गया और कई स्कूलों में कॉमर्स विषय भी नहीं है, जिससे बच्चों को काफी निराशा हो रही है, क्योंकि ज्यादातर बच्चे इन्हीं दो विषयों में अपनी रुचि दिखा रहे हैं। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने वर्ष 2022 में सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर इन स्कूलों में आर्ट्स विषय आरंभ करने की मांग की थी, जिसके पश्चात ठीक चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री ने भी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में आर्ट्स विषय आरंभ करने की घोषणा की थी।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

### आम सूचना

मेरे पक्षकारान द्वारा विक्रेता श्री कमल अग्रवाल एवं श्री मधुकांत अग्रवाल पिता स्वर्गीय श्री हरिशचंद्र अग्रवाल निवासी अशोका रतन, रायपुर, के हक स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि खसरा नंबर 424/22 रकबा 0.097 हेक्टेयर जो कि लगभग 10,441 वर्गफुट है, जो कि ग्राम लाभांडी, पटवारी हल्का नंबर 00065 तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है, को खरीदने का पक्का सौदा बयाना राशि देकर कर लिया है तथा निकट भविष्य में पंजीयन होना है। उक्त भूमि के सौदे में /के संबंध में किसी भी व्यक्ति, फर्म, शासकीय /अर्धशासकीय संस्था, बैंक, संस्थान आदि किसी भी को कोई भी दावा, उजर /आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से 10 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय समुचित दस्तावेज /सप्रमाण उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति कर सकते हैं, उसके बाद किसी भी दावा आपत्ति को शून्य माना जायेगा। इसके बाद मेरा पक्षकार उक्त भूमि /संपत्ति का विक्रेता से नियमानुसार पंजीयन निष्पादित करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

क्रेता पक्षकार की ओर से
पीयूष तिवारी (अधिवक्ता)
10, आनंद निकेतन अवंती विहार, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 98261-39286

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1634 दिनांक 13.04.2010 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ईडब्ल्यू एस-II, ब्लॉक - 47 / 108, को श्री राधेश्याम मरावी पिता श्री जयलाल मरावी, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 23.09.2011 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री राधेश्याम मरावी पिता श्री जयलाल मरावी, निवासीः- नमनाकला, पथपरिया लाल कोठी के पास, अंबिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री मूरली पटेल पिता श्री गणेश पटेल, निवासीः- नवजीवन सोसायटी, पचपेड़ी नाका तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ईडब्ल्यू एस -II, ब्लॉक - 47 / 108, को विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-27, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एफ2बी - 30 / 202, को श्रीमति शिप्रा कर्मकार पति श्री मानिक लाल कर्मकार, पताः- शताब्दी नगर, रवि ग्राम, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववितीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। श्रीमति शिप्रा कर्मकार पति श्री मानिक लाल कर्मकार की मृत्यु दिनांक 17.07.2022 को हो गयी है। श्री मानिक लाल कर्मकार पिता श्री सुरेन्द्रनाथ कर्मकार ने अपने पत्नि श्रीमति शिप्रा कर्मकार, की मृत्यु होने के उपरांत उक्त प्रकोष्ठ भवन को अपने नाम के साथ पुत्र शशांक कर्मकार एवं पुत्री श्रीमति मौसमी मत्सयपाल के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्री मानिक लाल कर्मकार पिता श्री सुरेन्द्रनाथ कर्मकार, पुत्र शशांक कर्मकार एवं पुत्री श्रीमति मौसमी मत्सयपाल के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### एमआईसी की बैठक 10 को

**रायपुर।** नगर निगम सचिवालय द्वारा महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार मेयर इन काउंसिल, एमआईसी की बैठक 10 जून सोमवार दोपहर 12 बजे बुलाई गई है, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर एमआईसी सदस्यों से चर्चा की जाएगी। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में बैठक होगी। उक्त जानकारी नगर निगम के अपर आयुक्त एवं सचिव विनोद पाण्डेय ने दी।

### राज्यस्तरीय कराते चैंपियनशिप आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कराते संघ द्वारा दो दिवसीय राज्यस्तरीय कराते चैंपियनशिप का आयोजन 8 एवं 9 जून को अग्रसेन भवन जवाहर नगर में किया जा रहा है कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू व अध्यक्षता छत्तीसगढ़ कराते संघ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल करेंगे। इस अवसर पर कराते संघ एवं विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। दो दिवसीय चैंपियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जिलों के सीनियर, जूनियर, सब जूनियर वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी व्यक्तिगत काता एवं कुमिते स्पर्धा में भाग लेंगे। चैंपियनशिप के पूर्व रेफरी क्लीनिक का आयोजन होगा, जिसमें प्रशिक्षण के पश्चात निर्णायक दल का गठन किया जाएगा। यह चैंपियनशिप वर्ल्ड कराते फेडरेशन के नवीनतम नियमानुसार आयोजित होगी। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ कराते संघ के सचिव अजय साहू ने दी।

### लेखा प्रशिक्षण परीक्षा का परिणाम जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत शासकीय सेवकों के लिए लेखा प्रशिक्षण परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष 3 सत्रों मार्च-जून, जुलाई-अक्टूबर, नवंबर-फरवरी में संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ द्वारा किया जाता है। इस प्रशिक्षण में राज्य शासन के अधीन कार्यरत सहायक ग्रेड वर्ग-3, अन्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी जिन्होंने तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली, वे प्रशिक्षण प्राप्त करने संबंधित कार्यालय द्वारा नामांकित किए जाते हैं। लेखा प्रशिक्षण परीक्षा में प्रथम प्रयास में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को एक अग्रिम वेतनवृद्धि का लाभ प्रदाय किया जाता है। संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा प्रशिक्षण सत्र नवंबर-2023 से फरवरी-2024 का परीक्षा परिणाम 6 जून को घोषित किया गया। संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे ने बताया कि उक्त सत्र में कुल 246 परीक्षार्थियों में से 159 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 64.63 प्रतिशत रहा। 81 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

### भवन निर्माण सामग्री सड़क पर, 7000 जुर्माना वसूला

**रायपुर।** जोन-5 नगर निवेश विभाग की टीम ने उप अभियंता विद्या देशलहरा की उपस्थिति में पं. वामनराव लाखे वार्ड के कुशालपुर में छुईया तालाब के किनारे नाली के ऊपर किए गए अवैध कब्जे को अभियान चलाकर हटाने की कार्यवाही की। इसी प्रकार लाखेनगर चौक में 3 भवन स्वामियों द्वारा सड़क पर रखी गई भवन निर्माण सामग्री जब्त कर संबंधित भवन स्वामियों पर कुल 7000 रुपए जुर्माना वसूल किया।

### स्लम बस्तियों में लगाएंगे स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** स्थानीय संकल्प हॉस्पिटल के चिकित्सक राजधानी की स्लम बस्तियों में जाकर जनस्वास्थ्य जागरूकता के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाएंगे एवं नागरिकों को मानसून के दौरान स्वस्थ रहने परीक्षण करने सहित आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देंगे। आमजनों को बताएंगे कि किस तरह जलजनित बीमारियों से सुरक्षित रहकर स्वस्थ रहा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि संकल्प हॉस्पिटल ने रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा की पहल पर शहर की स्लम बस्तियों में जाकर आमजनों को जनस्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्णय लिया है।

# कोरबा की जीत के बाद महंत का बड़ा बयान भगवान के अलावा किसी ने नहीं की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में एकमात्र कोरबा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि आज तक भगवान के अलावा किसी और ने मेरी मदद नहीं की। उन्होंने कहा कि ईमानदारी के साथ संघर्ष किया जाए, तो जीत सुनिश्चित होती है और किसी कसक के साथ लड़ने में कठिनाई आती है। मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. महंत ने कहा कि मुझे यह कहने में गर्व हो रहा है कि हम पांचवीं बार लोकसभा में चुने गए हैं। तीन बार जनता ने मुझे और दो बार मेरी धर्मपत्नी को चुना है। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा अपने साथियों के साथ भाषण में कहा है कि जो ईश्वर को साक्षी मानकर गरीबों के प्रति समर्पित रहते हैं उनकी मदद भगवान जरूर करते हैं। छत्तीसगढ़ की दस सीटों पर कांग्रेस को मिली करारी हार के मामले में उन्होंने कहा कि कारणों की हम समीक्षा करेंगे। कल सीडब्लूसी की बैठक होगी और वहां से जो निर्देश दिया जाएगा, उसी अनुसार काम करेंगे।

## छत्तीसगढ़ में मिली करारी हार के कारणों पर दिल्ली में होगी समीक्षा

### बंद हो सकती महतारी वंदन योजना

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महतारी वंदन योजना आने वाले दिनों में बंद हो सकती है। पहले धीरे-धीरे महिलाओं को अपात्र घोषित किया जाएगा, फिर कम कर देंगे। महतारी वंदन योजना में जो पैसे बांटे जा रहे हैं, उसमें किस योजना का पैसा इस्तेमाल हो रहा है, इस पर भी चर्चा होनी चाहिए। जो महिलाएं 1000 मिलने से खुश थीं, वो जल्दी दुखी होने वाली हैं।



### केंद्रीय मंत्रिमंडल में मिले प्रतिनिधित्व

डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ के किसी ना किसी नेता को स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने किसी विशेष का नाम लेने से बचते हुए कहा कि ऐसा करने पर बाकी लोगों में नाराजगी हो सकती है।

### बड़े चेहरे पर चुनाव

नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत ने कहा कि कांग्रेस ने यह तय किया था कि इस बार परिस्थितियों को देखते हुए अपने बड़े चेहरे यानी पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व गृह मंत्री को चुनाव लड़ाया जाए। इसमें बाहरी भीतरी जैसा कोई फैक्टर नहीं था। मेरे कोरबा में बाहरी का ही मुद्दा हावी था, क्योंकि वह स्थानीय नहीं थी, बाहर से आई थी। हम पर जरूर यह दोष लगाया जा रहा है कि हमारे प्रत्याशी बाहर के थे।

## भाजपा ने की लोकसभा चुनाव की समीक्षा, 68 विधानसभाओं में मिली जीत

# जिन विधानसभाओं में नहीं जीते वहां के लिए भाजपा बनाएगी विशेष रणनीति






हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव की समीक्षा की। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पहले क्लस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक, सह संयोजक एवं जिला अध्यक्षों से पूरी जानकारी ली गई। इसके बाद विधायक दल की बैठक में भी जानकारी लेने पर यह बात सामने आई कि भाजपा को 68 विधानसभाओं में जीत मिली, बाकी पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। ऐसे में तय किया गया है कि जिन विधानसभाओं में स्थिति ठीक नहीं रही है, वहां के लिए अभी से विशेष रणनीति बनाकर काम किया जाएगा। विधायक दल की बैठक के बाद में प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, लोकसभा चुनाव के बाद हमारी बैठक हुई है। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने एक-एक विधानसभा के बारे में जानकारी ली। जिन भी विधानसभाओं में पार्टी का प्रदर्शन कम अच्छा रहा है, वहां के लिए श्री जामवाल ने विशेष रणनीति बनाने के निर्देश दिए हैं। आने वाले में समय में विशेष रणनीति बनाकर अभी से वहां पर काम किया जाएगा। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा चौथी बार 11 सीटों में हुए चुनाव में 10 सीटों में जीत हासिल की है। ठीक इसी तरह हमें निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में भी जीत हासिल करना है और सफलता को फिर से दोहराना है।

बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा है कि आप सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने चुनाव में जो अनथक परिश्रम किया है, यह सब उसी का प्रतिफल है। आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम सब एक बार फिर देश में एनडीए की सरकार बनाने में सफल हुए हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम के लिए सबको बधाई दी और चुनाव के दौरान किए गए कार्यों की जानकारी ली। साथ ही आगामी कार्य योजना के बारे में भी चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सरला कोसरिया ने किया। बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति के सह संयोजक भूपेंद्र सव्वनी, बस्तर क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर रायपुर क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत, बिलासपुर क्लस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल, प्रदेश सरकार की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब सभी लोकसभा के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक एवं सभी जिलों की जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

# आचार संहिता हटी, अब विभागों में भर्ती और नए कार्यों के होंगे ठेके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद साय सरकार शासन की कई नई योजनाओं पर काम शुरू करेगी। आचार संहिता के कारण छत्तीसगढ़ में कई विभागों में करोड़ों रुपए की निविदा और अन्य कार्यों में तेजी आएगी।

राज्य सरकार विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती शुरू करेगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों की योजनाओं को लागू करने का काम शुरू होगा। चुनाव परिणाम आने के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आचार संहिता हटती है। माना जा रहा है कि 7 जून तक आचार संहिता हट सकती है। आचार संहिता लगने के बाद से विभागीय मंत्रियों के दौरे और सरकारी कामकाज पर निर्णय लिए जा सकेंगे। विभागों में नई भर्ती और नई परीक्षाओं का आयोजन किया जा सकता है। आचार संहिता हटने के बाद सरकार अधिकारियों की तबादला सूची जारी करेगी। इनमें कई जिला कलेक्टर और एसपी को हटाया जा सकता है। वहीं कई अन्य विभागों में अधिकारियों के तबादले हो सकते हैं। नई सरकार योजनाओं की घोषणा, शिलान्यास और उद्घाटन कार्य इस दौरान शुरू करेगी।

नई सरकार ने फरवरी में बजट पारित किया, उसके एक माह बाद आचार संहिता प्रभावी होने के कारण विभागों द्वारा नए निर्माण कार्य और योजनाओं पर कार्य शुरू नहीं किया गया था। अब लोक निर्माण, वन और अन्य विभागों द्वारा इन कार्यों के टेंडर जारी किए जाएंगे। इनमें नक्सल क्षेत्रों और अन्य जिलों में स्वीकृत कई कार्यों पर काम शुरू होने की जानकारी दी जा रही है। बताया जाता है कि बरसात तक टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद इस पर काम बरसात के बाद शुरू होंगे।

### इन विभागों में होंगी भर्तियां

शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण, पुलिस विभाग के साथ अन्य विभागों में खाली पदों की भी जानकारी मंगाई गई है। शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में लगभग 35 हजार से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग को प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग में अलग-अलग पांच हजार से ज्यादा पदों पर भर्तियां होंगी। जून-जुलाई से इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो सकती है। नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ के अलावा 8 सौ से ज्यादा पद डाक्टरों के भी होंगे। वहीं 150 से अधिक पदों पर विशेषज्ञ डाक्टरों भी भर्तियां भी होंगी।

# आचार संहिता में 15 लाख रुपए की शराब पकड़ाई

## 16 दोपहिया व 1 कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान रायपुर जिले में अवैध रूप से शराब बेचने और परिवहन करने के मामले में आबकारी विभाग ने 597 प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए कुल 2570 लीटर शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 15 लाख रुपये से अधिक है। इन प्रकरणों में विभाग ने 116 दोपहिया वाहन एवं एक कार भी जब्त की है।

उपायुक्त आबकारी विकास कुमार गोस्वामी ने बताया कि आचार संहिता के दौरान 12 अप्रैल से 6 जून तक जिले में शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान कई जगहों पर छापे भी मारे गए। ये छापे कुछ लोगों के घर व दुकान के साथ ढाबा और कैफे में भी मारे गए। इनमें यूटर्न कैफे, सांगरिया, सुकून, नया रायपुर स्थित अरण्यम कैफे, वीआईपी रोड स्थित पिंड बलूची कैफे, वेलकम ढाबा समोदा, महाराजा ढाबा कोलर, शुभम ढाबा, दबंग ढाबा आरंग में दबिश देकर आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भी भेजा गया।

# सड़क दुर्घटना, बारूद ब्लास्ट के मृतकों के परिजनों और घायलों को सीएम ने दिया स्वेच्छानुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संवेदनशीलता के साथ कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम बाहपानी में 20 मई को हुई दुःखद सड़क दुर्घटना एवं बेमेतरा जिले की भिंभौरी तहसील के ग्राम पिरदा में 25 मई को स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 51 अनुदानग्रहिताओं को अपने स्वेच्छानुदान मद से 1 करोड़ 51 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए के मान से सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में 19 मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए के मान से 95 लाख रुपए तथा इस घटना में 16 घायलों को 50-50 हजार रुपए के मान से 8 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा स्वेच्छानुदान मद से मंजूर की गई है। इसी प्रकार बेमेतरा जिले के ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में 25 मई को हुए ब्लास्ट में एक मृतक एवं 8 लापता व्यक्तियों के परिजनों को 5 लाख रुपए के मान से कुल 45 लाख रुपए की आर्थिक सहायता तथा इसी घटना में 7 घायलों को 50 हजार रुपए के मान से 3 लाख 50 हजार रुपए की सहायता राशि की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दी है।

# सरकारी अफसरों के लिए किराए के वाहन का रेट तय, जारी हुआ आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने अफसरों के लिए किराए पर लिए जाने वाले वाहनों के किराए का रेट तय कर दिया है। यह रेट अलग अलग स्तर के अधिकारियों के लिए उनकी पात्रता के अनुसार वाहनों के लिए होगा। यह आदेश जारी होने से पहले सरकार ने किराए के वाहन लेने पर प्रतिबंध लगा दिया था, यह अब भी लागू रहेगा, लेकिन अपवाद स्वरूप वित्त विभाग की सहमति से ही वाहन किराए पर लिए जा सकेंगे।

वित्त विभाग ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है कि विभिन्न विभागों एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों, निगम, मंडल, अनुदान प्राप्त संस्थाओं द्वारा किराए का वाहन उपयोग में लिया जा रहा है, लेकिन किराए की दरों में एकरूपता नहीं है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने वाहनों की किराया दर तय कर दी है। ये भी कहा गया है कि किराए के वाहन की दरें राज्य मद से किराए पर लिए जाने वाले वाहनों के साथ केंद्र पोषित या अन्य मदों से वित्त पोषित योजनाओं के तहत किराए पर भी लिए जाने वाले वाहनों पर समान रूप से लागू होंगे। यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### इस रेट पर वाहन लिए जा सकेंगे किराए पर

सरकार ने वाहनों के प्रकार एवं दर सभी करों सहित तय की है। कलेक्टर, एसपी तथा विभागाध्यक्ष या उससे उच्च स्तर के अधिकारी इनोवा, महिंद्रा एक्सयूवी, टाटा हैरियर, टाटा सफारी जैसे वाहन किराए पर ले सकेंगे। इसके लाए मासिक किराया 75 हजार रुपए, मासिक दर दो हजार किलोमीटर तक होगी। प्रतिदिवस के लिए 100 किलोमीटर तक के लिए चार हजार रुपए। मासिक, प्रतिदिवस की निर्धारित सीमा से अधिक पर अतिरिक्त किराया प्रति किलोमीटर 18 रुपए होगा। होंडा सिटी, एमजी हेक्टर, हुंडई क्रेटा, किया, स्कॉर्पियो, स्कोडा कुफ, वॉक्सवैगन गाडियों के लिए मासिक दर 65 हजार रुपए 2000 किलोमीटर तक के लिए प्रतिदिवस के लिए चार हजार रुपए निर्धारित सीमा से अधिक वाहन चलाने पर 17 रुपए प्रतिकिलोमीटर होगा। माररूती सियाज, हुंडई वरना, वॉक्सवैगन, महिंद्रा बोलिरों के लिए मासिक दर 60 हजार रुपए, दो हजार किलोमीटर तक के लिए, प्रति दिवस 100 किलोमीटर तक के लिए 3 हजार रुपए और मासिक, दैनिक सीमा से अतिरिक्त पर 17 रुपए प्रतिकिलोमीटर रेट मान्य होगा। मारुति डिजायर, होंडा अमेज, टाटा नेक्सऑन वाहनों के लिए मासिक किराया 54 हजार रुपए दो हजार किलोमीटर तक, प्रतिदिवस 100 किलोमीटर तक के लिए 2500 रुपए और मासिक, प्रतिदिवस तय सीमा से अधिक पर 13 रुपए प्रति किलोमीटर मान्य होगा।

## छत्तीसगढ़ में 77 लाख से अधिक राशनकार्डधारी

# राशन कार्ड पोर्टिबिलिटी का लाभ उठाने में रायपुर दुर्ग जिले के लोग सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में दो साल पहले लागू हुई वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का लाभ उठाने में छत्तीसगढ़ में रायपुर और दुर्ग जिले के राशनकार्ड धारी सबसे आगे हैं। पूरे प्रदेश में इस योजना का लाभ उठाने वालों की संख्या जून में 11 लाख 14 हजार 709 है। इनमें रायपुर जिले के 1 लाख 12 हजार 259 और दुर्ग जिले के 1 लाख 10 हजार 821 राशन कार्डधारी हैं। इस योजना के तहत राशन कार्डधारी देश में किसी भी सरकार पीडीएस की दुकान से अपने कोटे का राशन ले सकते हैं। यह पूरी व्यवस्था आधार कार्ड के माध्यम से संचालित होती है।

इस योजना के तहत आधार नंबर को राशन कार्ड से जोड़ा जाता है। साथ ही सार्वजनिक वितरण दुकानों में ई-प्वाइंट ऑफ सेल मशीनें भी लगाई जाती हैं। लाभार्थियों को देश में किसी भी राशन की दुकान पर खाद्य सब्सिडी मिलेगी। इससे पहले, वे केवल उसी वार्ड में जा सकते हैं, जहां उनका कार्ड पंजीकृत है।



### ऐसे मिलता है योजना का लाभ

पहले व्यक्ति को नए राशन कार्ड के लिए आवेदन करना पड़ता था, यदि वे स्थान बदल रहे हैं। एक राष्ट्र एक राशन कार्ड ने भौगोलिक बाधा को दूर कर दिया है। यह मुख्य रूप से प्रवासी श्रमिकों का समर्थन करने के लिए कोरोना समय के दौरान पेश किया गया था। इस योजना के तहत एक ही व्यक्ति दो अलग-अलग जगहों पर अपनी पहचान की नकल नहीं कर सकता है। चूंकि यह योजना बायोमेट्रिक्स से जुड़ी हुई है, इसलिए यह भ्रष्टाचार को दूर करती है। उचित मूल्य की दुकानों से खाद्य सब्सिडी प्राप्त करने पर परिवार के सदस्यों को हर बार अपने अंगूठे का निशान लगाना पड़ता है। यह योजना सामाजिक भेदभाव को कम करती है।

### इन जिलों के लाभार्थी सबसे कम

छत्तीसगढ़ में इस समय राशन कार्ड धारियों की संख्या 77 लाख से अधिक है। लेकिन वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का लाभ उठाने वालों की संख्या पूरे प्रदेश में मात्र 11 लाख 14 हजार 709 है। इनमें भी रायपुर और दुर्ग जिले के राशन कार्ड धारियों ने अधिक लाभ उठाया है। लेकिन दूसरी ओर राज्य के दूरदराज के जिलों में योजना के लाभार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। इन जिले में सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, मोहला- मानपुर- अंबागढ़ चौकी, नारायणपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बलरामपुर, सारंगगढ़-बिलाईगढ़ शामिल है। यह योजना उन लोगों के लिए कारगर है जो अपने गांव या शहर से दूसरे शहर या राज्यों में रोजगार, कामकाज के सिलसिले में जाते हैं। उन्हें वहां की सरकारी राशन दुकानों से राशन आसानी से मिल जाता है।

# जुलाई से कोषालयों में लिए जाएंगे ई-बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अगले महीने जुलाई से राज्य के सभी कोषालयों में ऑनलाइन माध्यम से ई-बिल लिए जाएंगे। इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया गया है।

वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि जुलाई 2024 से सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों( सेल्फ डीडीओ को छोड़कर) राज्य के सभी कोषालयों में देयकों (बिल) का प्रस्तुतीकरण सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से किया जाए। कोषालयों द्वारा महालेखाकार को भेजे जाने वाले मासिक लेखे को ई-लेखे के रूप में भेजा जाए। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन के लिए यह जरूरी है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की स्कैनिंग करने की समुचित क्षमता वाला स्कैनर व अन्य आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक सामाग्री होनी चाहिए। इसके साथ ही वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी आवश्यक होगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों को ई- बिल प्रस्तुतिकरण तथा उसके निराकरण के लिए एक प्रक्रिया (एसओपी) भी भेजी है।

## खबर संक्षेप



### विप्रनगर में महिला मंच सर्व ब्राह्मण समाज का गठन

**रायपुर।** समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में महिला मंच सदस्यों की बैठक बुलाई गई। इस दौरान विप्रनगर महिला मंच का सर्वसम्मति से गठन किया गया। चुने गए पदाधिकारियों में प्रभारी कविता शर्मा, अध्यक्ष सोनिया शर्मा, उपाध्यक्ष रीता शर्मा, ममता पांडे, श्रद्धा उपाध्याय, सचिव रश्मि दीवान, गायत्री शर्मा, रश्मि अवस्थी, सहसचिव लीला ओझा, रश्मि शर्मा, संगठन सचिव रंजना तिवारी, उषा चौबे, कार्यकारिणी सदस्य ज्योति शर्मा, सुनीता शर्मा, शहर प्रचार सचिव ज्योति त्रिपाठी, ऋषिका शर्मा, सचिव कविता शर्मा तथा संगठन सचिव सोनिया शर्मा को बनाया गया।

### चित्रांगदा को पीएचडी

**रायपुर।** चाणक्य राष्ट्रीय विधि महाविद्यालय (सीएनएलयू) ने चित्रांगदा को लॉ में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का



विषय जुवेनाइल जस्टिस एंड ह्यूमन राइट्स-इशूज, चैलेंजेज एंड ऑपोर्ट्यूनिटीज था। उन्होंने अपना शोधकार्य प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। वे नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता अंजय शुक्ला की सुपुत्री एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता अंजिनेश शुक्ला की बहन हैं।

### दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में तीन नए मीडिया प्रभारी

**रायपुर।** श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इस संबंध में दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी नरेंद्र कुमार जैन ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नई कार्यकारिणी में तीन सदस्यों प्रियेश जैन, लोकेश चंद्रकांत जैन एवं राजीव जैन को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। दिगंबर जैन समाज की गतिविधियों की जानकारी इनके द्वारा ही जारी की जाएगी।

### संत माता कर्मा आश्रम समिति की अध्यक्ष बनीं चितरेखा



**रायपुर।** संत माता कर्मा आश्रम समिति का निर्वाचन में चितरेखा साहू, उपाध्यक्ष के पद पर हिम्मत लाल साहू, महामंत्री वीर सिंग साहू सहित कुंजीलाल साहू को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष चितरेखा ने बताया की शंकरलाल साहू को अंकेक्षक, अशोक साहू व जीवन गोल्डन साहू को संगठन सचिव बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विद्या साहू, श्यामा साहू, गंगा साहू को निर्वाचित किया गया। वही डॉ. सोमनाथ साहू, विद्या देवी साहू, इंजी. संतराम साहू, सरिता साहू , राजेंद्र साहू, बृजेश साहू को संरक्षक व नारायण कुमार साहू को कार्यकारी अध्यक्ष, साधना साहू को महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, तनु साहू को कार्यकारी अध्यक्ष एवं शशांत साहू को युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष के पद पर चुना गया।

# संपत्ति कर में छूट का ऑफर, जून तक 6.25, जुलाई-सितंबर में 5 एवं अक्टूबर-दिसंबर में 4 प्रतिशत

## आयुक्त ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक, जानकारी लोगों तक पहुंचाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संपत्ति कर का भुगतान लोग जल्द से जल्द करें। इसके लिए नगर निगम प्रशासन संपत्ति कर में छूट का ऑफर भी दे रहा है। इसके तहत जून माहांत तक संपत्ति कर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। छूट का प्रतिशत आगामी जुलाई और सितंबर में घटकर 5 और अक्टूबर व दिसंबर माह में 4 प्रतिशत हो जाएगा। इस तरह लोग संपत्ति कर का जितना जल्दी भुगतान करेंगे, उन्हें छूट का लाभ भी ज्यादा मिलेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को जोन-6 में अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर संपत्ति कर में दी जा रही इस छूट का ज्यादा से ज्यादा लोगों को जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोग भी इसका लाभ ले सकें।

### बारिश से पूर्व नाले-नालियों की सफाई के दिए निर्देश

बैठक में आयुक्त ने मानसून के आगमन से पूर्व जोन क्षेत्र अंतर्गत सभी नाले व नालियों की विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में खासकर बड़े नाले-नालियां जाम हो जाने के कारण उसका गंदा पानी बारिश के पानी और गंदगी के साथ सड़कों पर आ जाता है, जिसके कारण क्षेत्र के लोग परेशान होते हैं, साथ ही आवागमन में परेशानी होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून आगमन से पहले सभी नाले-नालियों की सफाई कराए, ताकि बारिश के दिनों में लोगों को परेशानी न हो।




### पेयजल, सफाई व सड़क बत्ती व्यवस्था सुधारने के निर्देश

*आयुक्त ने पेयजल, साफ सफाई के साथ सड़क बत्ती व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिस वार्ड में भी पेयजल, सफाई व सड़क बत्ती की समस्या है, उसे जल्द से जल्द सुधारा जाए।*

### अवैध प्लाटिंग रोकने व अवैध कब्जे हटाने दिए निर्देश

बैठक में जोन क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लाटिंग व अवैध कब्जों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कार्रवाई करने तथा अवैध कब्जों को मुक्त के निर्देश दिए।

## जिले में बगैर मान्यता संचालित हो रहे स्कूलों के लिए खिलाफ की गई थी शिकायत

# बगैर मान्यता चल रहे स्कूल, डीईओ ने नहीं की कार्रवाई, गुस्साए छात्रों का बवाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जिला शिक्षा अधिकारी पर लगाए पैसे लेकर साठ-गांठ करने के आरोप

प्रदेश में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 16 जून से हो रही है। इसके पूर्व गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को लेकर छात्रों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। छात्रों ने जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर बवाल काटा। छात्रों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी पर उचित कार्रवाई ना करने और पैसे लेकर सांठ-गांठ करने के आरोप भी लगाए गए। काली पट्टी बांधकर पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने डीआईओ कार्यालय का घेराव किया। लगभग एक घंटे तक जिला शिक्षा कार्यालय के समक्ष आवागमन बाधित रहा और पुलिस बल मौजूद रहा। छात्रों ने आरोप लगाते हुए कहा कि रायपुर में बगैर मान्यता कई प्राइवेट स्कूल संचालित हैं। इनमें न फीस नियामक लागू है और ना ही आरटीई के छात्र यहां अध्ययनरत हैं। कृष्णा किड्स एकाडमी और चैतन्य टेक्नो स्कूल जैसे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन शिक्षा विभाग की मदद से किया जा रहा है। गौरतलब है कि इन स्कूलों के संदर्भ में पूर्व में भी जानकारी देते हुए छात्रों द्वारा कार्रवाई की मांग की जा चुकी है।

### फीस नियामक समिति की बैठक नहीं

प्राइवेट स्कूलों में फीस रेगुलेशन के लिए फीस नियामक समिति का गठन किया गया था, लेकिन यह भी केवल नाममात्र रहा। निजी स्कूलों द्वारा नए सत्र के लिए भी फीस में मनमानी वृद्धि की जा रही है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। इसे लेकर भी छात्रों ने रोष प्रकट किया है।

### देते रहे हैं जानकारी

एनएसयूई ने गैर मान्यता वाले स्कूलों को नियमानुसार बंद नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी हेमंत पाल और प्रदेश सचिव कुणाल दुबे ने आरोप लगाया कि राजधानी में गली-मोहल्लों में केपीएस के अनेक ब्रांच संचालित हैं, जिनके द्वारा मान्यता नहीं ली गई है। उनके द्वारा लगातार इसकी सूचना कारवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को दी जाती रही है, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इसे लेकर एनएसयूआई ने काली पट्टी बांधकर कार्यालय का घेराव किया है। प्रदर्शन में मोनू तिवारी, पुनेश्वर लहरे, गावेश साहू, विकास पांडे, मनीष बांधे, तनिष्क मिश्रा, अंकित बंजारे आदि शामिल रहे।

# स्ट्रीट वेंडरों को शिफ्ट करने पहले चरण में 6 जगह पर वेंडिंग जोन का होगा निर्माण, टेंडर निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की यातायात व्यवस्था में बाधा बनने वाले फुटपाथी दुकानों (स्ट्रीट वेंडरों) से शीघ्र ही राजधानी वासियों को मुक्ति मिल जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने इसके लिए बड़ी प्लानिंग की है। इसके तहत स्ट्रीट वेंडरों को जोन वेडिंग में शिफ्ट किया जाना है। शहर में कई इलाकों में स्ट्रीट वेंडर हैं, जिनकी संख्या सैकड़ों-हजारों में है। इसके लिए निगम प्रशासन को कई चरणों में जोन वेंडिंग बनाना होगा। हालांकि निगम ने इसकी शुरुआत कर दी है। पहले चरण में 6 वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया है, जिसके लिए स्थलों का चयन भी कर लिया गया है। चयन करने के बाद निगम ने इन स्थलों पर वेंडिंग जोन बनाने के लिए टेंडर भी निकाल दिया है।

### डेढ़ माह में होगा शुरू

स्वीकृति मिलने के बाद 3 वेंडर जोन के लिए टेंडर निकाल दिया गया है। 21 दिनों के बाद टेंडर खोला जाएगा। इसके बाद डेढ़ माह के भीतर वेंडर जोन का निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

- **अबिनाश मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम रायपुर

### तीन स्थलों की मिल चुकी स्वीकृति

*चयनित 6 स्थलों में जब्बार नाला के पास खम्हारडीह, टिकरापारा पुजारी पार्क के पास एवं आमानाका फ्लाईओवरब्रिज के नीचे शासकीय भूमि में वेडिंग जोन बनाने के लिए टाउन वेंडिंग कमेटी ने स्वीकृति दे दी है।*

### जीरो व्यय पॉलिसी में निकाला टेंडर

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया कि निगम ने वेंडर जोन का टेंडर जीरो खर्च की पॉलिसी अपनाते हुए निकाला है। यानी वेंडर जोन बनाने के लिए निगम प्रशासन एक रुपये भी खर्च नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि सभी 6 वेंडिंग जोन में दुकानें पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों के माध्यम से रेवन्यू शेयरिंग मॉडल की तर्ज पर बनाए जाएंगे।

### इन स्थलों पर बनेंगे वेंडर जोन

पहले चरण में 6 स्थलों को वेंडर जोन बनाने का निर्णय लिया गया है। इसमें जब्बार नाला के पास पॉम बलाजियों के सामने खम्हारडीह में, टिकरापारा पुजारी पार्क के पास, कारीतालाब के पास आमापारा, आमानाका फ्लाई ओव्हर के नीचे स्थित शासकीय भूमि, बूढ़ातालाब के पास एवं पंडरी में महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट के पीछे की भूमि शामिल है।

# भूपेश ने कहा - राहुल गांधी ने मोदी के पाजामे का नाड़ा काट दिया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पूर्व मुख्यमंत्री ने देश में जल्द ही मध्यावधि चुनाव होने का दावा किया

लोकसभा चुनाव परिणाम जारी होने के बाद आए परिणाम को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने मोहला-मानपुर में टिप्पणी करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पाजामा का नाड़ा काट दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी तोड़ने, चुने हुए मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने तथा डराने धमकाने वालों को देश की जनता ने सबक सिखाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर ट्विट करते हुए एनडीए में फूट पड़ने की बात कहते हुए सालभर के भीतर मध्यवधि चुनाव होने की आशंका व्यक्त की है। पूर्व मुख्यमंत्री के मुताबिक महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस्तीफा दे रहे हैं, उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ की कुर्सी हिल रही है। इसके साथ ही राजस्थान में भजनलाल की स्थिति डगमगा रही है। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की कुर्सियां डगमगा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री के मुताबिक वे जरूर चुनाव जरूर हार गए हैं, लेकिन हमें तैयार रहना है। 6 महीना सालभर में फिर से मध्यावधि चुनाव हो सकता है। इसके लिए हमें तैयार रहना है। पूर्व मुख्यमंत्री के मुताबिक गठबंधन के साथ-साथ भाजपा के नेताओं में भी विवाद शुरू हो गया है।

# शेयर मार्केट में रकम लगाने के नाम पर ठगी

- मोबाइल पर कॉल कर दिया झांसा, लगाया 2 करोड़ 38 लाख का चूना

**रायपुर/भिलाई।** शेयर मार्केट में रकम लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया अज्ञात मोबाइल धारकों द्वारा पीड़ित के मोबाइल पर कॉल कर शेयर मार्केट में रुपए लगाने पर एक हजार प्रोफीट का झांसा दिया। इस दौरान तीन पीड़ितों ने रुपए शेयर मार्केट में लगा दिया। उसके बाद पीड़ितों को शेयर मार्केट वाले ग्रुप में जोडो गया है। उसके बाद पीड़ितों का 2 करोड़ 38 लाख रुपए का ठगी हो गया। रुपए फंसता देख पीड़ितों ने अज्ञात मोबाइल धारक से कॉल कर रुपए लौटाने की मांग की लेकिन दोबारा कॉल करने पर रुपए नहीं लौटाया गया। ठगी का शिकार होने के बाद शिकायत पुलिस से किया है। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए मोबाइल लोकेशन, समेत अन्य जानकारी जुटा रही है। जल्द ही ठगी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## पेज 9 के शेष

### दिल्ली फ्लाइट के इमरजेंसी...

है कि शुक्रवार को फ्लाइट टेकऑफ के लिए तैयार थी। इसके पहले एयर होस्टेस यात्रियों को सफर के दौरान बरती जाने वाली सावधानी की जानकारी दे रही थी। एयर होस्टेस इमरजेंसी गेट के उपयोग और उसे खोलने के बारे में बता रही थी। अचानक एक यात्री ने इमरजेंसी गेट को खोलने की कोशिश की और हड़कंप मच गया। गेट खुला तो नहीं, मगर इसकी जानकारी पायलट तक पहुंच गई और एयर होस्टेस ने उसे तत्काल रोक लिया। इस मामले को फ्लाइट में सवार स्टाफ ने गंभीरता से लिया और एयरपोर्ट प्रबंधन को इसकी जानकारी देने के बाद संबंधित यात्री को फ्लाइट से नीचे उतार दिया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी काफी देर तक उससे पूछताछ करते रहे। इसके बाद माना थाने को इसकी सूचना देकर यात्री को आगे की पूछताछ के लिए पुलिस के हवाले कर दिया। इस चक्कर में फ्लाइट अपने निर्धारित समय से तीस मिनट लेट से रवाना हुई।

### ब्रेनडेड के सालाना...

हुई थी, तब टाटीबंध में रहने वाले एक परिवार ने ब्रेनडेड घोषित होने वाली महिला का अंगदान किया था। इस वाकये को 18 माह से अधिक का वक्त बीत चुका है। विभिन्न पंजीकृत अस्पतालों में सोटो की टीम ब्रेनडेड मरीज के परिवारों को अंगदान की महत्ता बताने सक्रिय है, मगर उन्हें अब तक केवल आठ प्रकरणों में सफलता मिल पाई है। आंकड़े चौंकाने वाले हो सकते हैं कि राज्य के विभिन्न निजी और शासकीय अस्पतालों में ब्रेनडेड के औसतन पांच सौ मामले सामने आते हैं। खासकर अस्पतालों के न्यूरो सर्जरी विभाग में ऐसे मरीजों की संख्या अधिक होती है, क्योंकि शहर में सड़क दुर्घटनाओं के मामले अधिक होते हैं। इन प्रकरणों में प्रभावित परिवार को सही समय पर काउंसिलिंग नहीं मिल पाती, जिसकी वजह से वे अंगदान-महादान अभियान में भागीदार नहीं बन पाते।

### 124 ट्रेनें अब...

हट जाएगा और इन ट्रेन का परिचालन नियमित रूप से होने लगेगा। पहले ट्रेनों का नंबर शून्य से शुरू होता था, जो अब नहीं होगा। स्पेशल ट्रेनों में मेमू ट्रेनों की संख्या सबसे अधिक है।

### इन ट्रेनों से...

- चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल
- रायपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर स्पेशल
- कोरबा-रायपुर पैसेंजर स्पेशल
- रायपुर -कोरबा पैसेंजर स्पेशल
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी)-तिरोड़ी पैसेंजर स्पेशल
- तिरोड़ी-नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी)
- तुमसर रोड-तिरोड़ी पैसेंजर स्पेशल
- तिरोड़ी-तुमसर रोड पैसेंजर स्पेशल
- नैनपुर-मंडला फोर्ड पैसेंजर स्पेशल
- मंडला फोर्ड-नैनपुर पैसेंजर स्पेशल
- गोंदिया- तिरोड़ी मेमू स्पेशल
- गोंदिया-कटंगी डेमू स्पेशल
- रायपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर
- नैनपुर-मंडला फोर्ड पैसेंजर
- मंडला फोर्ड-नैनपुर पैसेंजर
- गोंदिया-तिरोड़ी मेमू

### सराफा चुनावः एकता और...

के लिए रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश भंसाली ने नामांकन फार्म लिए हैं। श्री भंसाली ने हरिभूमि को बताया, सभी पदों के लिए शनिवार की शाम को शुभ मुहूर्त में नामांकन फार्म जमा किए जाएंगे। जय पैनल ने पूर्व महासचिव नरेंद्र दुग्गड़ को अपना चुनाव संचालक बनाया है।




## बिजनेस साइट

# कायजन टोयोटा ने 'टोयोटा अर्बन-क्रूजर टैजर' का किया अनावरण

**रायपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के अधिकृत विक्रेता कायजन टोयोटा, रायपुर में ए-एसयूवी सेगमेंट में नए टोयोटा अर्बन-क्रूजर टैजर का अनावरण सीईओ विकास सिंघई द्वारा किया गया। अर्बन-क्रूजर टैजर एक आधुनिक शैली से प्राप्त प्रतिष्ठा की भावना प्रदान करने के लिए तैयार है। अत्याधुनिक सुविधाएं और उन्नत प्रौद्योगिकियां, जो इसे भारतीयों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती हैं।

ऑल न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैजर 1.0 लीटर टर्बो, 1.2 लीटर पेट्रोल और ई-सीएनजी विकल्पों में उपलब्ध है। 1.0 ली. टर्बो 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध




है, जबकि 1.2 ली. पेट्रोल 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और इंटेलिजेंट गियर में आता है। ऑल न्यू अर्बन क्रूजर टैजर 5500 आरपीएम पर 100.06 पीएस की अधिकतम शक्ति प्रदान करता है। 1.0 ली. टर्बो विकल्प सेगमेंट में सर्वोत्तम ईंधन दक्षता के साथ पॉवर पैक्ड ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है।

# किसानों ने की तांदुला और खारुन नदी का पानी जामगांव आर एरिया में पहुंचाने की मांग

**रायपुर/ जामगांव आर।** भरी तेज गर्मी में लोकसभा चुनाव निपट गए भाजपा नीत एनडीए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनाकर निश्चिंत किसान खेतों की ओर चल पड़े हैं। खेतों में मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने और खर पतवार खत्म करने खेतों की जोताई प्रारंभ कर दिए हैं। नवतपा के तपन ने वर्षा के बेहतरीन संकेत दिए है। मानसून आने के पहले ही सारी तैयारी में किसान जुट चुके हैं। जामगांव आर एरिया में सिंचाई पानी साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान सिंगल फसल ही ले पाते हैं। खारुन



नदी से टेमरी माइनर तक आने वाली पानी और भाठागांव उद्वहन सिंचाई योजना से पानी प्रवाह एरिया में प्रवाहित करने के लिए सरकार सजग भूमिका निभाए तो जामगांव आर एरिया के किसानों की माली हालत सुधर सकती है।

### खाद बीज समय पर सुलभता के साथ मिले

किसान भगवान चंद्राकर ने कहा कि किसानों को उपयुक्त समय पर खाद बीज मिले। किसानों को अनावश्यक चक्कर लगाना नही पड़े इस बात का ध्यान अधिकारी रखे शासन के प्रतिनिधि पूर्णतः सजग रहे। बचत चुनाव निपट चुके है इसलिए किसानों को अब कोई घोषणा का इंतजार भी नही है।



# सुपेबेड़ा में डायलिसिस सेंटर, रायपुर में सात सौ बेड अस्पताल की नई जगह पर सुगबुगाहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सुपेबेड़ा के किडनी प्रभावित मरीजों की सुविधा के लिए वहां आधुनिक डायलिसिस सेंटर खोला जाएगा। इसके साथ ही गरियाबंद में मॉडल नेफ्रोलॉजी सेंटर की स्थापना की जाएगी। राजधानी में प्रस्तावित सात सौ बिस्तर के नए अस्पताल के लिए चिन्हित स्थल के पसंद नहीं आने पर नई जगह की तलाश की जाएगी।

आचार संहिता हटने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को मंत्रालय में अफसरों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने बैठक में राज्य में प्रस्तावित चार नए मेडिकल कालेज के कार्यों और बड़े अस्पतालों से लेकर छोटे स्वास्थ्य केंद्रों तक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता पर सख्त हिदायत जारी की। स्वास्थ्य मंत्री ने सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी को ध्यान मे रखते हुए वहां एक अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर खोलने की अनुशंसा की है। वहां बीमारी के कारणों का पता लगाने और स्वास्थ्य सुविधा जुटाने के लिए एक कमेटी भी बनाई गई है।

किडनी के मरीजों के बेहतर इलाज के लिए राज्य में एक माडल नेफ्रोलाजी सेंटर गरियाबंद खोलने की भी अनुशंसा की है। उन्होंने आंबेडकर अस्पताल में प्रस्तावित सात सौ बिस्तर अस्पताल की योजना की समीक्षा की। इस दौरान पूर्व में चिन्हित स्थल का मुआयना करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अगर जगह उपयुक्त नहीं होगी तो मरीजों की सुविधाओं के लिए नए स्थान की तलाश भी की जाएगी।

- गरियाबंद में मॉडल नेफ्रोलॉजी सेंटर, दवाइयों की उपलब्धता पर जोर
- आचार संहिता हटते ही स्वास्थ्य मंत्री ने ली अफसरों की मैराथन बैठक



### भर्ती पर भी हुई चर्चा

बैठक में विभिन्न अस्पतालों में मैन पॉवर की समस्या को दूर करने के लिए चिकित्सों सहित अन्य निचले स्टाफ की भर्ती पर जोर दिया गया। इसके लिए व्यापमं और पीएससी के माध्यम से भर्ती परीक्षा आयोजित करने के हिदायत दी गई। बैठक में विभागीय बजट का आकलन करते हुए उसे अनुपूरक बजट में शामिल करने के प्रस्ताव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके साथ ही नियमित बजट में पारित कार्यों की भी समीक्षा की।

### सिकलसेल एनीमिया रोकने जागरूकता पर जोर

स्वास्थ्य मंत्री ने मलेरिया और सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों के बारे में कहा है कि इसको लेकर समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। इसके लिए जिन क्षेत्रों में इन बीमारियों का शिकायत ज्यादा है वहां लोगों को इनसे बचने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाए। अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता के साथ उन्होंने एनीमिया की बीमारी को ठीक करने के लिए उपलब्ध दवाइयों के सैंपल की अलग-अलग लैब में रैंडम जांच कराने कहा।

## खबर संक्षेप




### भाजयुमो नेता अमित ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

रायपुर। लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में मिली भाजपा को ऐतिहासिक और रिकॉर्ड जीत के साथ देश में बनी एनडीए सरकार बनने की भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित चौधरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर बधाई दी। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की 10 सीटों पर विजय हुई। डबल इंजन की सरकार से निश्चित ही प्रत्येक छत्तीसगढ़वासियों को इसका लाभ मिलेगा, विष्णुदेव साय की अगवाई में छत्तीसगढ़ तरक्की के नए सोपान तय करेगा, ऐसी शुभकामनाओं के साथ भेंट हुई।

### आश्वासन के बाद छात्रों की भूख हड़ताल समाप्त



रायपुर। गुरुवार सुबह से भूख हड़ताल पर बैठे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने शुक्रवार को आश्वासन के बाद अपनी भूख हड़ताल खत्म की। एबीवीपी द्वारा सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत उस ऑर्डिनेंस में बदलाव की मांग की जा रही थी, जिसके अंतर्गत छात्रों को पिछली परीक्षाएं क्लियर होने तक चतुर्थ सेमेस्टर में रोके जाने का प्रावधान था। कार्यकर्ताओं ने गुरुवार सुबह 10 बजे से भूख हड़ताल शुरू की, जो 25 घंटे बाद शुक्रवार दोपहर 11बजे प्राचार्य द्वारा पानी पिलाने पर समाप्त हुई। पानी पिलाने से पहले प्राचार्य ने उच्च शिक्षा सचिव से छात्रों की बात कराई और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। रायपुर महानगर मंत्री प्रथम राव फूटाने, आशीष सिन्हा सहित दर्जनभर छात्र भूख हड़ताल पर बैठे रहे।

### सूने मकान में धावा कैश और जेवर चोरी

रायपुर। सेजबहार थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 25 हजार रुपए सहित 45 हजार रुपए के सोने-चंदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक दतरेंगा निवासी सुमन दास मानिकपुरी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सुमन ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार को पारिवारिक कार्य के धमधा गया था। दूसरे दिन पड़ोसी ने उसे चोरी की सूचना दी। सुमन के अनुसार अज्ञात चोर दरवाजे में लगा कुंडी का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर आलमारी तथा लॉकर तोड़कर कैश तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

### शिकायत दर्ज कराने के विवाद पर मारपीट

रायपुर। मौदहापारा थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मधु साहू ने हितेश निर्मलकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मधु ने पुलिस को बताया कि मरही माता मंदिर के पास हितेश ने उसके ऊपर थाने में शिकायत दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

## धनसुली स्थित 16 साल पुरानी कॉलोनी में रहने वाले 300 परिवारों के बीच अधूरी सुविधा

# अटल आवास देने के बाद भूला हाउसिंग बोर्ड बिजली, नाली व पेयजल की सुविधा अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित धनसुली गांव में करीब 16 साल पहले 300 गरीब परिवारों को अटल आवास देने के बाद हाउसिंग बोर्ड वहां की सुध नहीं ले रहा है। इसका खामियाजा कॉलोनी में रहने वाले एक हजार से ज्यादा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इसकी शिकायत के बाद भी कॉलोनी में रहने वाले लोगों को अभी तक स्ट्रीट लाइट, पानी निकासी के लिए नाली और घरेलू नल कनेक्शन की जरूरी सुविधा नहीं मिली है। मेंटेनेंस के अभाव में कॉलोनी का बुरा हाल है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा से आगे धनसुली गांव में 300 अटल आवास का मेंटेनेंस के अभाव में बुरा हाल है। इसका निर्माण गरीबों को खुद का आशियाना और सुविधा देने के लिए बनवाने के बाद जिम्मेदार भूल गए हैं। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल हाउसिंग बोर्ड ने वर्ष 2008 में इस कॉलोनी को बनवाया था। इसे 2010 तक एक लाख 10 हजार में लोगों को बेचा गया। लोगों से पैसा लेने के बाद जिम्मेदार कॉलोनी की सुध नहीं ले रहे हैं। इससे अटल आवास में अभी तक लोगों को घरेलू नल कनेक्शन, कॉलोनी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइन और पानी निकासी के लिए नालियों का प्रापर निर्माण नहीं करवाया गया है। इससे जो लोग कॉलोनी में परिवार के साथ निवास करते हैं, उन्हें दो कमरे, रसोई, शौचालय तथा स्नानगृह दिया गया है। यहां बरसात के दिनों में ढेरों समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ता है।




### टैक्स नहीं चुकाने से अटकी सुविधा

हाउसिंग बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि अटल आवास को खरीदने वाले लोगों से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल वहां पानी और मेंटेनेंस के नाम पर टैक्स लेता है। दर्जनों ऐसे परिवार इस कॉलोनी में ऐसे हैं, जिनके द्वारा सुविधा शुल्क जमा नहीं किया जा रहा है। इसके चलते ऐसे लोगों पर ब्याज समेत 15- 20 हजार से भी ज्यादा टैक्स बकाया है। ऐसे लोग मकान भी नहीं बेच पा रहे हैं, क्योंकि इसके लिए हाउसिंग बोर्ड एनओसी भी नहीं दे रहा है। इससे लोग वहां फैसी हुई अव्यवस्था से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इस तरह की स्थिति में फंसे हुए गरीब परिवार टैक्स का बकाया व ब्याज चुकाने से नहीं उबर पाए हैं।

### मामले को संज्ञान में लिया जाएगा

कॉलोनी की जानकारी जिम्मेदारों से लेने के बाद मामले को संज्ञान में लिया जाएगा। वहां के लोगों ने जो शिकायतें की हैं, उनका समाधान क्यों नहीं हो पाया है, इसके बारे में प्रोजेक्ट की फाइल देखकर ही बता पाऊंगा।

**- संदीप साहू,** अधीक्षण अभियंता, हाउसिंग बोर्ड, रायपुर

### लोगों को शिकायत के लिए भेजा

अटल आवास में रहने वाले समस्या लेकर आते हैं। इसे देखते हुए उन्हें हाउसिंग बोर्ड में कई बार शिकायत के लिए भेजा है। बरसात में बढ़ने वाली शिकायत को देखते हुए जिम्मेदारों को इससे अवगत कराया जाएगा।

**- प्रेम शंकर यदु,** सरपंच, ग्राम धनसुली

### इस वजह से बेचना चाहते हैं लोग

अटल आवास खरीदने वाले कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि, 16 साल बाद भी अटल आवास में जिन सुविधाओं को देने का दावा किया गया वह अधूरा है। कोई सुधार नहीं होते देखकर अब अधिकांश लोग उसे बेचना चाहते हैं। अभी इस अटल आवास की कीमत बढ़कर करीब तीन लाख हो गई है। जो लोग उसे खरीदने और बेचने की इच्छा रखते है। ऐसे लोग लंबे समय से हाउसिंग बोर्ड की मनमानी से दुखी है। उनको शिकायत है कि यह न्याय संगत नहीं है। हाउसिंग बोर्ड ने जो सुविधा अटल आवास में देने का दावा किया वह अधूरा है। इसके चलते लोग सुविधा शुल्क देने के लिए तैयार नहीं हैं।

## पिज्जा डिलीवरी ब्वाय सहित लूट के दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- खम्हारडीह तथा राजेंद्र नगर पुलिस ने लूट के आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया

खम्हारडीह तथा राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में लूट के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई रकम के साथ सामान जब्त किया है। पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। खम्हारडीह थाना क्षेत्र में तीन बदमाशों ने एक पिज्जा डिलीवरी ब्वाय के साथ मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस के मुताबिक पिज्जा डिलीवरी ब्वाय सोहन चेलक की शिकायत पर लूट के आरोप में खम्हारडीह में रहने वाले बदमाश मनीष साहू, अंकित विभार तथा संदीप ध्रुव को गिरफ्तार किया है। सोहन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह बुधवार को रात दस बजे वह कचना में पिज्जा डिलीवरी करने जा रहा था, वीआईपी क्लब के पास बदमाशों ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट की। इसके बाद बदमाश डिलीवरी ब्वाय से पिज्जा के साथ बैग और उसके दो मोबाइल के साथ कंपनी द्वारा पिज्जा डिलीवरी के लिए दी गई इलेक्ट्रिक स्कूटर लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों को प्राप्त सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

### चाकू की नोक पर युवक से लूट

*राजेंद्र नगर थाना की पुलिस ने सुजल रूपरेला की शिकायत पर अजय जाल तथा उसके एक नाबालिग साथी को लूट के आरोप में गिरफ्तार किया है। सुजल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गुरुवार को वह अपने दोस्त के साथ विजेता कांपलेक्स गया था। इसी दौरान अजय अपने नाबालिग साथी के साथ उसके पास पहुंचा और चाकू की नोक पर उसके गले से चांदी की चेन, मोबाइल तथा नकदी रकम लूट कर फरार हो गए थे।*

## बहू की मौत के बाद सास की मांग, अस्पताल संचालक के खिलाफ दर्ज किया जाए अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- पत्रकार वार्ता में फुलवासन बाई व पति भागीरथी मरकाम ने दी जानकारी

गरियाबंद, कुल्हाड़ीघाट निवासी फुलवासन बाई ने छुरा में संचालित एक प्राइवेट अस्पताल के संचालक एवं ऑपरेशन करने वाले डाक्टर के खिलाफ अपराध दर्ज करने और दूसरे विशेषज्ञ से मामले की जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि 35 वर्षीय बहू गैंदू बाई को पेट में दर्द की शिकायत होने पर छुरा स्थित अस्पताल में जांच के लिए ले जाया गया था। डाक्टर्स ने बच्चेदानी में कैंसर का हवाला देते हुए अप्रैल में ऑपरेशन में लापरवाही की गई। 11 दिनों के बाद आंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान बहू की मौत हो गई।

पीड़ित सास और मृतका के पति भागीरथी मरकाम न शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता ली। इसमें बताया कि अस्पताल के संचालक के कहने पर बच्चेदानी का ऑपरेशन किया। इसमें लापरवाही के चलते बहू की तबीतय लगातार बिगड़ने से कई बार दूसरे अस्पतालों में भी जांच के लिए भेजा गया। उसके बाद भी जब किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ, तो अंबेडकर अस्पताल में भेज दिया गया। यहां आने पर पता चला कि बच्चेदानी का ऑपरेशन करने में बड़ी लापरवाही की गई है। इसके पहले पेट दर्द की वजह जांचे बिना बच्चेदानी का कैंसर बताकर आयुष्मान कार्ड से पैसा लेने के बाद भी 2 लाख से ज्यादा वसूला गया। इसे देखते हुए हम शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि इस मामले की दूसरे विशेषज्ञों से जांच करवाई जाए और संचालक व डाक्टर्स के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाए।

## मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होगा साय मंत्रिमंडल और प्रदेश के 160 भाजपा नेता

- दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा पहले से ही दिल्ली में
- प्रदेश में रहने वाले राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारी भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 जून को होने वाले शपथ ग्रहण में प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार का पूरा मंत्रिमंडल, सभी विधायक और प्रदेश के 160 भाजपा नेता शामिल होंगे।

प्रदेश भाजपा संगठन को इसका आमंत्रण मिलने के बाद प्रदेश संगठन के दो महामंत्री रामू रोहरा और भरत वर्मा शुक्रवार को यहां से दिल्ली रवाना हो गए। दोनों महामंत्री दिल्ली में प्रदेश के नेताओं के लिए वहां पर व्यवस्था देखेंगे। दिल्ली में शुक्रवार को संसदीय बोर्ड की बैठक में एनडीए के सांसदों ने नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसी के साथ अब श्री मोदी का शपथ ग्रहण 9 जून की शाम को 6 बजे तय कर दिया गया है। शपथ ग्रहण के लिए प्रदेश संगठन को आमंत्रण भेजा गया है। इसमें करीब 160 नेताओं को बुलाया गया है।

### महामंत्री रामू रोहरा, भरत वर्मा प्रदेश के नेताओं के लिए व्यवस्था करने गए दिल्ली

जिन नेताओं को आमंत्रण मिला है, उसमें सबसे अहम प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ पूरा मंत्रिमंडल शामिल है। इस समय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा पहले से ही दिल्ली में हैं। इसी के साथ सभी सांसद भी दिल्ली में हैं। जिनको बुलाया आया है, उसमें प्रदेश के सभी भाजपा विधायक, निवृत्तमान भाजपा के सभी सांसद, प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारी, प्रदेश में रहने वाले राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, सभी जिला अध्यक्ष शामिल हैं। सभी भाजपा नेता अपने-अपने हिसाब से दिल्ली जाएंगे। कई नेता शनिवार और कई रविवार सुबह दिल्ली रवाना होंगे।

## छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक में विलंब के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- वर्षा की गतिविधि में कमी आने की संभावना

दक्षिण-पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़ पहुंचने की तारीख में और देर होने की संभावना बन रही है। प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में कमी आने की वजह से बस्तर में मानसूनी बारिश के लिए कुछ दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। पिछले कुछ दिनों से दक्षिणी हिस्सों में वर्षा हो रही है मगर मध्य और उत्तरी इलाकों में उमस जैसी स्थिति बनी हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार मानसून कुछ दिनों से अपनी नियमित गति से आगे बढ़ रहा है और इसके प्रभाव से बस्तर इलाके में बारिश हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्षा की गतिविधि में अब कमी आ सकती है, जिसकी वजह से मानसून के बस्तर प्रवेश की घोषणा के लिए कुछ समय तक इंतजार करना पड़ेगा। उनके मुताबिक मानसून की घोषणा के लिए एक निश्चित मात्रा और दायरे में बारिश होनी चाहिए। अभी तीन-चार दिनों तक बारिश में कमी आने की वजह से मानसून में देर संभावना बनती जा रही है। पिछले चौबीस घंटे में बीजापुर में पांच सेमी. बारिश हुई। दूसरी ओर मध्य इलाके में धूप का असर कम हुआ है मगर उमस की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। दिन के साथ अब रात में भी चिपचिपी गर्मी का अहसास हो रहा है।

### रिमोट बनवाने के विवाद पर मारपीट

रायपुर। पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने एक अन्य के खिलाफ रिमोट बनवाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक जतिन मंधानी ने मानिक ताम्रकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जतिन ने पुलिस को बताया कि लोहार चौक बिजली ऑफिस के पास मानिक ने रिमोट बनवाने के विवाद में उसके साथ मारपीट की।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर ■ जांघ, ■ आर्म ■ वक्ष स्थल ■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

### जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश



रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने गुरुवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने इन योजनाओं के अंतर्गत अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। जल जीवन मिशन योजनाओं के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों पर गड्ढे किए गए थे। कलेक्टर ने इन सड़कों के मरम्मत कार्य भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कई जगहों पर पाइप लाइन बिछाने का काम कम्पलीट हो गया है, लेकिन टंकी और पाइप लाइन का कनेक्शन नहीं होने के कारण पानी पहुंचाने का काम शुरू नहीं हो पाया है, उन्होंने अधिकारियों को देर किए बिना पाइप लाइन व टंकी का कनेक्शन जोड़कर पानी पहुंचाने का कार्य जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

आवश्यकता है
हरिभूमि एवं inh
मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव
सीनियर एक्जीक्यूटिव - 01
एक्जीक्यूटिव - 02
(अनुभवी को प्राथमिकता)
संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें
मार्केटिंग विभाग
9303508130
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
inhnewshr@gmail.com

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Raipur To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Bilaspur | 1999 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
अंतिम अवसर केवल 09 सीट बांकी
राशि: स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 8 जून 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ की ओर से आईपीएल की तर्ज पर आयोजित छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग की शुरूआत शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हुई। ओपनिंग सेरेमनी में पंजाबी सिंगर बी प्राक ने अपनी दिलकश आवाजों से दर्शकों के साथ खिलाड़ियों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। राजधानी में पहली बार हुए सीसीपीएल को लेकर भी दर्शकों में आईपीएल जैसा उत्साह नजर आया। सिंगर की प्रस्तुति देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक शाम के वक्त स्टेडियम पहुंचे हुए थे।

### अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग की धमाकेदार ओपनिंग सेरेमनी

# बी प्राक की दिलकश आवाज में झूमे दर्शक, सीसीपीएल में हर चौके-छक्के में दिखा आईपीएल जैसा उत्साह

**रायपुर।** अंतराष्ट्रीय मैच की तरह स्टेडियम को लाइट से सजाया गया था। शाम को अंधेरा होते ही पूरा स्टेडियम आकर्षक लाइट से रोशन हो गया। इसके बाद सिंगर बी प्राक ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। प्रस्तुति के बाद उद्घाटन मैच में रायपुर रायनोज और बिलासपुर बुल्स के बीच भिड़ंत हुई। दोनों टीम का मैच दर्शकों ने पूरा देखा साथ ही अपने पंसदीदा खिलाड़ियों का उत्साह भी बढ़ाया। पूरे मैच के दौरान सीसीपीएल के बांड एम्बेस्डर सुरेश रैना भी मौजूद रहे।








## कैच पकड़ने स्टेडियम में उमड़ी भीड़

सीसीपीएल में पहली दिन उमड़ी भीड़ ने हर चौके और छक्के में शोर मचाया। शाम को हजारों की भीड़ ने मैच का माहौल ही बदल दिया। क्रिकेट संघ की ओर कैच पकड़ने वालों को 10 हजार देने की घोषणा की थी। मैच में इसका उत्साह भी देखने को मिला। जैसे ही बॉल दर्शक की ओर पहुंचती हर कोई कैच को पकड़ने में आपस में भीड़ जाते। स्टेडियम में कई खिलाड़ी टीमों के टी-शर्ट पहने हुए थे। रात 11 बजे तक चले इस मैच में लोगों ने जमकर आनंद लिया। हर चौके और छक्कों में दर्शकों ने जमकर शोर मचाया।

## कुछ ऐसा कर कमाल कि तेरा हो जाऊं...

सिंगर ने कुछ ऐसा कर कमाल कि तेरा हो जाऊं, मै किसी ओर का हूं फिलहाल कि तेरा हो जाऊं.., तेरी मिट्टी में मिल जाऊं, गुल बनके मैं खिल जाऊं.., ये सूरज से भी कह दो कि अपनी आग बुझा के करे... जैसे गानों की प्रस्तुति से मंच सजाया और तालियों की गड़गड़ाहट पूरे स्टेडियम में सुनाई देती रही। इस दौरान बी प्राक ने देशभक्ति गीतों के साथ लव और डीजे पार्टी सांग से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्टेडियम में दर्शकों ने सिंगर को देखते ही सीटी बजानी शुरू कर दी। कुछ लोग हाथों में बी प्राक की फोटो भी लिए हुए थे। इसके बाद 'तू सब जानता है मैं छड़ नी सकती तैनू... पर दर्शकों का जोश दोगुना हो गया। इसके बाद 'तू आखिरी उम्मीद मेरी...' ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक एक दर्जन से अधिक गानों की प्रस्तुति से धमाल मचा दिया।







## शंशाक की बल्लेबाजी ने बढ़ाया उत्साह

पहले मैच में दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। आईपीएल में पंजाब किंग्स और छत्तीसगढ़ के स्टॉर खिलाड़ी शशांक सिंह के बल्लेबाजी का क्रेज भी सीसीपीएल में भी नजर आया। आईपीएल के बाद बिलासपुर बुल्स के कप्तान शशांक सिंह ने धमाकेदार प्रदर्शन से दर्शकों को स्टेडियम में बैठे रहने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने मैच में 32 रनों की पारी खेली जिसमें 1 चौका और 2 छक्के शामिल थे। वही रायनोज की टीम के कप्तान अमनदीप खरे ने भी छक्के और चौके से मैच में दर्शकों का उत्साह कम होने नहीं दिया। पहली बार इस तरह का आयोजन छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है।




## इरफान ने खेली अर्धशतकीय पारी

मैच में पहले बल्लेजारी करने पहुंची बिलासपुर टीम की ओर से मो. इरफान ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके साथ ही शंशाक ने 33 और शोभित ने 21 व पी.यादव ने 25 रन बनाए। टीम ने 20 ओवर में 7 विक्रेट खोकर 166 रन बनाए। रायपुर रायनोज की ओर से प्रशांत 3 और आशीष 2 व अमित ने 1 विक्रेट अपने नाम किया।





## सुरेश रैना ने खिलाड़ियों को बताई जीत की रणनीति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी उपस्थित रहे। इस दौरान स्टेडियम में खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर सभी को बधाई दी। सीसीपीएल के बांड एम्बेस्डर सुरेश रैना ने दोनों टीम के खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया और सही रणनीति के साथ मैच खेलने की बात कहीं। कार्यक्रम में डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया, चेयरमेन प्रमोद शंकर शर्मा, विजय शाह, छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जूबिन शाह और सचिव मुकुल तिवारी उपस्थित रहे।

**लाइव इवेंट**

# कचरा केवल फेंकने की चीज नहीं बना सकते हैं मूल्यवान व उपयोगी



रायपुर। छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार को किया गया। 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' विषय पर आयोजित कैंप में नन्हे बच्चों की भागिदारी बनी रही। कार्यशाला के अंतिम दिन सेंटर के महानिदेशक एसएस बजाज उपस्थित रहे, जिन्होंने कैंप में बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा, कचरा सिर्फ फेंकने की चीज नहीं है। इसे किसी मूल्यवान और उपयोगी वस्तु में बदला जा सकता है। इसका सही उपयोग कर आप रोजमर्रा की वस्तुओं में परिवर्तन कर सकते हैं। कार्यशाला में शहर के विभिन्न विद्यालय से 40 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने इस दौरान अनुपयोगी चीजों से कई तरह के उपयोगी पदार्थ तैयार किए। छात्रों के इस प्रयास को सभी ने सराहा। अधिकतर छात्रों ने अपने आस-पास आसानी से मिलने वाली अनुपयोगी वस्तुओं का प्रयोग इस दौरान किया। इसके लिए उन्हें विशेषज्ञों का मार्गदर्शन भी मिला। अधिकतर छात्रों ने प्लास्टिक के पुनः उपयोग की कोशिश की, क्योंकि सर्वाधिक पर्यावरण प्रदूषण इससे ही होता है।

### रंग-बिरंगे मोमबत्ती स्टैंड और पेन होल्डर

कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों ने कार्डबोर्ड कूलर, प्लास्टिक की बोतल का उपयोग कर फूलदान, पानी के डिस्पेंसर, पानी के फौवारे, पेन होल्डर, आइसक्रीम स्टिक, लैंप और मोमबत्ती स्टैंड बनाने की कला सीखी। साइंस सेंटर में उपस्थित शिक्षकों द्वारा बच्चों को बेस्ट ऑउट ऑफ वेस्ट से वस्तुएं तैयार करना सिखाया गया। सबसे आसान **पैन स्टैंड बनाना रहा। एक्सपट्‌र्स ने बताया, इसे बनाने के लिए** पानी की बोतल को दो हिस्से में काटकर अलग करना है। इसके पश्चात मनपसंद रंग करके बोटल को सुखने के लिए छोड़ देना है। मनपसंद पेंटिंग करने के बाद यह पैन स्टैंड तैयार हो जाएगा।

**सिटी इवेंट**

# मन की मनमानी को रोकना ही ध्यान मौलिक गुण का अनुभव शांति में



रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 'आओ खोलें खुशियों के द्वार' शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यहां लोगों को आत्मा से जुड़ने की सीख देते हुए वक्ताओं ने कहा कि आत्मा की सात मूलभूत विशेषताएं ज्ञान, सुख, शांति, आनंद, पवित्रता, प्रेम और शक्ति है। शिविर के उद्घाटन समारोह में अतिथि के रुप में पत्रकारिता विवि के कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा, हम पूरी जिंदगी खुशी की तलाश में लगे रहते हैं। हम खुशियों के पीछे भाग रहे हैं। लेकिन हमें मालूम नहीं है कि खुशी कहां और कैसे मिलेगी? मन की मनमानी को रोकना ही ध्यान है, सारा खेल मन का है।

इस अवसर पर हैदराबाद की राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, राजयोग के लिए स्वयं की पहचान जरूरी है। राजयोग मेडिटेशन से जीवन में स्थायी खुशी प्राप्त की जा सकती है। यदि हम अपने जीवन को चिंता रहित, सुख-शांति संपन्न बनाना चाहते हैं तो यह जानना जरूरी है कि मैं कौन हूं? जब हम कहते हैं कि मुझे शांति चाहिए, तो यह कौन है जो कहता है कि मुझे शांति चाहिए? शरीर शांति नहीं चाहता। शरीर की शांति तो मृत्यु है।

### आत्मा का स्वरूप अतिसूक्ष्म ज्योति बिंदु के समान

*उन्होंने बताया आत्मा कहती है कि मुझे शांति चाहिए। आत्मा एक चैतन्य शक्ति है। शक्ति को स्थूल नेत्रों से देखा नहीं जा सकता। लेकिन मन और बुद्धि से उसका अनुभव किया जाता है। इसी प्रकार आत्मा के गुणों का अनुभव करके उसकी उपस्थिति का अहसास होता है। आत्मा का स्वरूप अतिसूक्ष्म ज्योति बिंदु के समान है। आत्मा के शरीर से निकल जाने पर न तो शरीर कोई इच्छा करता है और न ही किसी तरह का कोई प्रयास करता है।*

### मन से विचार, बुद्धि से निर्णय

*आत्मा तीन शक्तियों द्वारा अपना कार्य करती है। वह किसी भी कार्य को करने से पहले मन द्वारा विचार करती है, फिर बुद्धि से यह निर्णय करती है कि उसके लिए क्या उचित है और क्या अनुचित? अंत में ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी ने बताया, आत्मा की सात मूलभूत विशेषताएं हैं। ज्ञान, सुख, शांति, आनंद, पवित्रता, प्रेम और शक्ति। यह सभी आत्मा के मौलिक गुण हैं, जो शांति की अवस्था में हमें अनुभव होते हैं। हमारा मन किसी न किसी व्यक्ति, वस्तु या पदार्थ की स्मृति में भटकता रहता है।*

## इवेंट लाइव

# लगातार मॉनिटरिंग तथा समय पर उपचार से रोक सकते हैं हार्टअटैक



रायपुर। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के एनेस्थीसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की कार्यशाला में शुक्रवार को आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.पीके पात्रा ने इसके विषय में मेडिकल छात्रों को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अरविंद नेरल, आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एसबीएस नेताम तथा एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह भी मौजूद रहीं। शुक्रवार को संपन्न हुई कार्यशाला में एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत कार्डियक अरेस्ट होने पर उसके त्वरित चिकित्सीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।

### टीम वर्क करके बचाएं मरीजों की जान

डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने बताया कि मरीज की लगातार मॉनिटरिंग करके तथा समय पर उपचार के जरिए कार्डियक अरेस्ट को रोका जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने डिफिब्रिलेटर एवं पेसमेकर कब और किन मरीजों को लगाया जाता है, इसकी जानकारी दी। कार्यशाला में बाहर से आए विशेषज्ञों ने एडवांस एयरवे एवं उसके उपकरणों के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया एवं मैनिकिन पर प्रैक्टिस करवाया। कार्डियक अरेस्ट के दौरान रिससिटेशन की प्रक्रिया में टीम वर्क करके मरीज को बचाने के तरीकों की जानकारी दी। छह-छह छात्रों के पांच समूह में मैनिकिन के माध्यम से एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## सिटी लाइव

# नई तकनीक से हृदय रोगियों को बिना ऑपरेशन राहत देने मंथन



रायपुर। छत्तीसगढ़ के हृदय रोग विशेषज्ञों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला राजधानी में होने वाली है। इसमें नई तकनीक का उपयोग करके हृदय रोगियों का इलाज बिना ऑपरेशन किए किस प्रकार किया जा सकता है, इस पर मंथन होगा। कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा सेंट्रल इंटरवैनशन काउंसिल की अगवाई में देश एवं राज्य के करीब सौ से ज्यादा एक्सपर्ट अनुभव बताएंगे। 8 व 9 जून को होटल मैरिएट में होने वाले इस कार्यशाला में एक्सपर्ट बताएंगे कि बिना ऑपरेशन के अब गंभीर हृदय रोगी को कैसे राहत दी जा रही है। दो सत्र में होने वाले कार्यशाला का उद्देश्य डॉक्टर्स को हृदय शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में आई नई तकनीक से जोड़ना है। शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ. जावेद अली खान और डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी।

### देश के 20 एक्सपर्ट बताएंगे अनुभव

इसमें देशभर से 15-20 सीनियर हृदय रोग विशेषज्ञ के साथ प्रदेश के करीब 100 विशेषज्ञ शामिल होने वाले हैं। इसमें कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के छत्तीसगढ़ चैप्टर के प्रेसिडेंट डॉ. दिलीप रत्नानी तथा सेकेट्ररी डॉ. एमपी शामिल होंगे। कार्यशाला के दौरान 2024-25 की नई कार्यकारिणी पहले दिन पदभार संभालेगी। इसमें डॉ. एसएस मोहंती, डॉ.निखिल मोतीरमानी प्रमुख हैं। वहीं डॉ.सतीश सूर्यवंशी, डॉ. आलोक राय, डॉ. प्रभात पांडेय, डॉ. केके आदिले कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## समाज इवेंट

# कौमी एकता का प्रतीक उर्स पाक आज, बिहार के कव्वाल जमाएंगे रंग



रायपुर। हर बार की तरह इस साल भी हजरत सैय्यद बाबा खाकी शाह वली रह.अलैह का 58वां उर्स पाक अमीनपारा में धूमधाम से कौमी एकता के साथ मनाया जा रहा है। आयोजन कमेटी में हर जाति, धर्म और वर्ग के लोग शामिल हैं। कमेटी के अध्यक्ष मो. फारूक मेमन, सरपरस्त लक्ष्मीनारायण लाहोटी, मखमूर इकबाल खान ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 6 से 8 जून के बीच मनाए जाने वाले उर्स पाक में इस बार लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार की रात पद्मश्री मदन चौहान एवं उनके साथी शमा महफिल में लोगों को खुशनुमा माहौल देंगे। वहीं 8 जून की रात 10 बजे से देश के जाने-माने कव्वाल बाबू गुलाम साबरी एंड पार्टी के द्वारा कव्वाली का प्रोग्राम पेश किया जाएगा।

### बेहतर माहौल देने कोशिश

आयोजकों ने बताया कि कव्वाली के लिए शीतला मंदिर के पास मंच बनाया जाएगा। साथ ही महिलाओं और पुरुषों की सुविधा के लिए कई कार्यकर्ता व्यवस्था बनाने में सहयोग देंगे। इसमें किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न बनने पाए, इसे ध्यान में रखते हुए महामाया मंदिर जाने वाले मार्ग पर महिलाओं व मंच के सामने पुरुषों की बैठक व्यवस्था की जाएगी। आने-जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए, प्रोग्राम के दौरान इसका भी इंतजाम किया जाएगा।

● नेशनल स्केटिंग रैंकिंग चैंपियनशिप का आगाज

# बैलेंस का जादू दिखाने देश भर से जुटे छोटे-बड़े जादूगर



*सफलता आपसे आपका वक्त और प्रयास मांगती है। स्केटिंग प्रतियोगिता के दौरान नन्हे कदमों की शानदार प्रस्तुति देख दर्शक खुद को ताली बजाने से रोक ना सके। गिरने के बाद भी आत्मविश्वास और माता-पिता के प्रोत्साहन ने नन्हे खिलाड़ियों के हौसले को कम नहीं होने दिया। ये नजारा देखने को मिला सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित 4 दिवसीय स्केटिंग प्रतियोगिता में।*



### देशभर से 945 खिलाड़ी हुए शामिल

कैडेट वर्ग में 5 से 7 वर्ष, 7 से 9 साल और 9 से 11 वर्ष के रोलर स्केटर्स 300 मीटर से 1000 मीटर की विभिन्न 18 रिंग रेस और 4 प्रकार की रोड रेस में भाग लेंगे। वहीं सब जूनियर वर्ग में 11 से 14 वर्ष के रोलर स्केटर्स 500 मीटर से लेकर 3000 मीटर तक की 8 विभिन्न रेस में हिस्सा लेंगे। अंत में जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष तथा सीनियर वर्ग में 17 से अधिक उम्र के स्केटर्स 100 मीटर से लेकर 15000 मीटर तक की 4 रिंग और 4 रोड रेस में भाग लेंगे।

रायपुर। यहां प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में हो रही है। सीनियर खिलाड़ी जहां अकेले पहुंचे रहे वहीं जूनियर खिलाड़ी अपने माता-पिता संग पहुंचे। ट्रैक में गिरने-उठने का दौर शुरुआत से लेकर अंत तक जारी रहा। पैरेंट्स नन्हे बच्चों का हौसला बढ़ाते रहे। दूसरे राज्यों से पहुंचे खिलाड़ियों में से कई ऐसे भी रहे, जो पहली बार रायपुर आए हैं। तेज धूप के बाद भी बच्चों के प्रदर्शन में कोई कमी देखने को नहीं मिली। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम के साथ वे ट्रैक पर उतरे।

### छत्तीसगढ़ के 245 खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा

छत्तीसगढ़ रोलर स्केटिंग संघ द्वारा 7वें नेशनल रैंकिंग ओपन चैंपियनशिप स्पर्धा का आयोजन रायपुर में किया जा रहा है। स्पर्धा का समापन 9 जून को होना है, जिसमें देशभर के 945 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। छ.ग. रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के महासचिव किशोर भंडारी एवं कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह थिंद ने बताया, स्केटिंग प्रतियोगिता में 5 साल से 19 साल के खिलाड़ी शामिल हुए हैं। इसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से 245 खिलाड़ी मौजूद हैं। विगत कई वर्षों से एसोसिएशन द्वारा स्केटिंग कंपीटिशन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल के प्रति जागरुक करना है। स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एमडी रेड्डी ने कहा, स्केटिंग एक ऐसा खेल है, जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास एक साथ होता है।







### अब तक इन्होंने मारी बाजी

- कैडेट वर्ग 7-9 साल- पहला स्थान जी. अक्शज ( तेलंगाना), मायरा (राजस्थान)
- कैडेट वर्ग 9-11 साल- पहला स्थान जी.अरनव ( तेलंगाना), एस.अधिरा (तमिलनाडु)
- सब जूनियर वर्ग 11-14 साल- पहला स्थान के.पवन सूरज ( तमिलनाडू), प्रणवी प्रकाश ( महाराष्ट्र)
- सब जूनियर वर्ग11-14 साल-पहला स्थान यश प्रताप (उत्तरप्रदेश), एस.तोमर (उत्तरप्रदेश)
- जूनियर वर्ग 14-17 साल- पहला स्थान अर्शज्योत सिंग (जम्मू-कश्मिर), अंशु परेशभाई गराला( महाराष्ट्र)
- सीनियर वर्ग 17 साल से अधिक-पहला स्थान पुनीत मादेवर (छत्तीसगढ़), एस.सिंधु (तमिलनाडु)

### रोजाना 2 से 3 घंटे प्रैक्टिस



उत्तर प्रदेश निवासी यशस्कर ने बताया, मेरी उम्र 12 वर्ष है। मैं बीते कुछ सालों से स्केटिंग कर रहा हूं। इस दौरान दो बार डिस्ट्रिक्ट लेवल व एक बार स्टेट लेवल स्पर्धा में हिस्सा लेने का अवसर मिला। राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार खेलने का अवसर मिला। प्रतियोगिता के लिए रोजाना 2 से 3 घंटे प्रैक्टिस करता हूं। साथ ही मेरे डाइट में रोजाना 3 ग्लास दूध और हरी सब्जी शामिल होते हैं। पिता राजकुमार सिंग और माता सोनी सिंग का भी हमेशा सहयोग मिला है।

### साइकिलिंग और रनिंग भी जरूरी



मध्यप्रदेश निवासी लक्ष्य विश्वकर्मा ने बताया, बीते 1 साल से स्केटिंग कर रहा हूं। शुरुआती दिनों में शौकिया तौर पर खेलने की इच्छा हुई, अब स्केटिंग में आगे बढ़ने का प्रयाज जारी रहेगा। वर्तमान में मेरी उम्र 10 साल है। रोजाना 2 घंटे खेल का अभ्यास करता हूं। शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए साइकिलिंग और रनिंग करना होता है। साथ ही डाइट में दूध शामिल हैं। पिता राजेश विश्वकर्मा और माता रोशनी डाइट सहित अन्य चीजों का ध्यान रखते हैं और मुझे बेहतर करने के लिए प्रेरणा देते हैं।

### गर्मियों में नारियल पानी



रायपुर निवासी रियांश अग्रवाल ने बताया, मेरी उम्र 8 साल हैं। बीते 10 महीनों से स्केटिंग कर रहा हूं। पहली बार मुझे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिला है। खिलाड़ी के कोच अरुद्रवेद ने बताया, अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक अच्छी डाइट का होना जरुरी है, जिसके लिए रोजाना नारियल पानी जरुरी है। साथ ही बेल का शर्बत गर्मी के मौसम में फायदेमंद रहता है, जिससे शरीर में ठंडक बने रहती है। गर्मी के चलते मौसमी फलों का सेवन शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है।



## ललित कलाओं के जरिए निखार रहे अपना व्यक्तित्व

# क्ले और ओरिगामी आर्ट संग ओरिगामी की सीख रहे बारीकियां



रायपुर। पचपेड़ी नाका स्थित दादा गुरुदेव श्री शांति विजय सुरीश्वर जैन मंदिर में छः दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। 9 जून को इस कैंप का समापन होगा। समर कैंप में क्ले आर्ट, ओरिगामी आर्ट, नृत्य, संगीत, बेस्ट ऑफ वेस्ट एवं पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी कलाओं में छात्र उत्सुकतापूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। सर्वाधिक दिलचस्पी छात्रों द्वारा ललित कलाओं में ली जा रही है। शिविर के दौरान बच्चों को धार्मिक शिक्षा भी दी जा रही है। समाज के सदस्यों द्वारा अन्य स्थानों पर भी समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूली बच्चे शामिल हो रहे हैं।

### कैंप में धार्मिक प्रशिक्षण भी

शिविर का संचालन कर रहे वासुपूज्य मनोहर महिला मंडल के सदस्यों के बताया, शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को धार्मिक गतिविधिओं से जोड़ना है। कैंप में विभिन्न एक्टिविटी से बच्चों का कौशल विकास हो रहा है। शिविर में 90 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मंडल की अध्यक्षा सोनल बरडिया, सचिव पुष्पा कोठारी, कोषाध्यक्ष अंजू कोचर,आभा लूनिया, नेहा बोथरा, आरती गोलछा, नेहा पारख, श्रुति गोलछा, ज्योति कोचर मुख्य रुप से उपस्थित रही।

# भजन-कीर्तन, सत्संग व अरदास संग अखंड धुनी पाठ साहब



रायपुर। अमां चोले वाली का 18वां बरसी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गोदडीवाला धाम देवपुरी में यह बरसी महोत्सव धूमधाम से मंहत अमां मीरादेवी के सानिध्य मनाया गया। सुबह 11 बजे भजन-कीर्तन, आरती, सत्संग और अरदास के पशचात अखंड धुनी पाठ साहब का आंरभ हुआ। दोपहर भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को महिला मंडल द्वारा बाबा के भजनों पर प्रस्तुति दी गई। शाम 7 बजे 'एक शाम बाबा के नाम' के अंतर्गत विनोद चावला ने समां बांधा। रात 8 बजे अखंड धुनी पाठ साहब का आयोजन हुआ। समापन पश्चात सभी ने भंडारा ग्रहण किया। बरसी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के 11 जिलों के श्रद्धालुगण ने आकर आशीर्वाद लिया। शदाणी दरबार से उदय शदाणी ने शिरकत की। हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन पीतवानी, महेश हरजानी, नामदेव बजाज, संतोष केशवानी सहित अन्य शामिल हुए।

## अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह : संगोष्ठी में विद्वानों ने बताया इतिहास

# न्यायालयों से पुराने दस्तावेजों लाकर बनाया जाए न्यायिक अभिलेखागार

कार्नर न्यूज





रायपुर। संस्कृति विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह 3 से 9 जून तक मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय सिविल लाइंस रायपुर स्थित कला विथिका में छत्तीसगढ़ अंचल के लगभग 70 से 100 साल पुरानी ऐतिहासिक दस्तावेजों की सात दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओडिशा उच्च न्यायालय कटक के न्यायिक पुरालेख केन्द्र के निदेशक डॉ. ललाटेन्दु दास महापात्र मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए और प्रो.एलएस निगम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

### छग और ओडिशा का था साझा न्यायालय

डॉ. महापात्र ने पुरालेखों के संदर्भ में ओडिशा और छत्तीसगढ़ के संबंधों की व्याख्या करते हुए बताया कि पहले दोनों राज्यों के देशी रियासतों का एक साझा न्यायालय पाटनागढ़ (बलांगीर) में हुआ करता था, जिसका एक सर्किट बेस रायगढ़ में था। ये देशी रियासत 1933 तक ईस्टर्न स्टेट एजेंसी के अंतर्गत आते थे। उन्होंने संचालनालय को सुझाव दिया कि नागपुर और जबलपुर उच्च न्यायालय के साथ ही छत्तीसगढ़ के जिला न्यायालयों से पुराने दस्तावेजों को लाकर एक न्यायिक अभिलेखागार की भी स्थापना की जानी चाहिए। छत्तीसगढ़ के राजपरिवारों के पास भी बहुत से पुरालेख और पुराने संदर्भ ग्रंथ हैं, जिन्हें यदि शासकीय अभिलेखागार को सौंपा जाता है तो जनता और शोध करने वालों को इसका बहुत लाभ मिल सकता है।

### 1935 तक देश में नहीं था सुप्रीम कोर्ट

प्रो. निगम ने बतलाया कि मराठों से पहले के पुरालेख छत्तीसगढ़ में नहीं मिलते हैं। मराठों के समय के अधिकांश पुरालेख नागपुर और पूना में हैं, जिसमें से छत्तीसगढ़ से संबंधित दस्तावेजों को चयनित कर रायपुर लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1935 तक देश में सुप्रीम कोर्ट जैसी व्यवस्था नहीं थी। कोलकाता में एक उच्च न्यायालय हुआ करता था। उससे ऊपर इंग्लैंड का प्रिवी कौंसिल था। देश में फेडरल कोर्ट की व्यवस्था 1935 के बाद लागू हुई, जो आगे चलकर सुप्रीम कोर्ट बना। उन्होंने राज्य के विभिन्न मंत्रालयों, संचालनालयों और जिला, तहसील स्तरीय कार्यालयों में पुरालेखों के सर्वेक्षण उपरांत महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अभिलेखागार में संरक्षित किए जाने की आवश्यकता बतलाई।

### जनसामान्य भी ले रहे दिलचस्पी

सामान्य नागरिक भी दस्तावेजों की प्रदर्शनी और इससे जुड़े इतिहास को जानने में रुचि ले रहे हैं। उप संचालक डॉ.पीसी पारख ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का परिचय दिया। नीलिमा शर्मा सहायक ग्रंथपाल ने रायपुर अभिलेखागार के कार्य और उसमें संग्रहित पुरालेखों के बारे में बतलाया। डॉ. राजीच मिंज ने वक्ताओं का परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर इतिहासविद् प्रो. के.के. अग्रवाल, डॉ. सुरेश अग्रवाल, पुराविद् डॉ. हयग्रीव परिहार सहित कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। प्रभात कुमार सिंह पुरातत्त्ववेत्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलआईसी की मंडल स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में प्रमोद और अनुसूइया विजेता



**रायपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन 6 जून को भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय रायपुर के क्रीडा एवं मनोरंजन कक्ष में हुई। पुरूष वर्ग में शाखा कार्यालय राजनांदगांव के प्रमोद पाटिल एवं महिला वर्ग में मंडल कार्यालय रायपुर की अनुसूइया ठाकुर विजेता रहे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल के विपणन प्रबंधक जी.बी. सत्यनारायण थे। इस अवसर पर सेलेक्शन समिति के चेयरमेन प्रबंधक (आई.टी.) नीलमणी द्विवेदी, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन महासचिव सुरेंद्र शर्मा, प्रथम श्रेणी अधिकारी एसोसिएसन अध्यक्ष धनंजय पाण्डे एवं क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की सचिव संध्या राज उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक नेशनल अम्पायर रफीक अहमद एवं सहायक अम्पायर ए.एन. मणी थे। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम- प्रमोद पाटिल (राजनांदगांव), द्वितीय - ललित वर्मा (मंडल कार्यालय रायपुर), तृतीय - सिद्धार्थ तांडी (मंडल कार्यालय रायपुर), महिला वर्ग में प्रथम- अनुसूइया ठाकुर (मंडल कार्यालय रायपुर), द्वितीय- कल्पना साई (भिलाई -1) और तृतीय -ज्योति पाटिल (मंडल कार्यालय रायपुर) रहे।

प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में विजेता हुए खिलाडियो का चयन आगामी आयोजित होने वाली ₹मध्य क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता₹ के लिए किया गया है, जिसमे सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के 08 मंडल कार्यालय के पुरुष एवं महिला विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। मध्य क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम की अखिल भारतीय कैरम प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगें।

इस अवसर पर सेलेक्शन कमेटी के सदस्य अनुरोध शर्मा, पूर्व स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सदस्य शिशिर गुप्ता, विजय तिरपुडे, करण सोनकर, मोहन साहू, अगेश्वर साहू एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### राज्य स्तरीय रग्बी फुटबाल चैंपियनशिप में शामिल होंगी बिलासपुर टीम



**रायपुर।** 7 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय रग्बी फुटबाल सीनियर/जूनियर बालक/बालिका प्रतियोगिता रायपुर के स्वामी विवेकानंद एथलेटिक खेल मैदान में 6, 7 व 8 जून को राज्य रग्बी फुटबाल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसमे बिलासपुर जिले की टीम भी हिस्सा ले रही है। ज्ञात हो गत वर्ष ओवरआल चैंपियन बिलासपुर टीम रही है।

जिसमे सीनियर बालक वर्ग की कप्तानी मार्क अगस्टीन थामस व बालिका वर्ग में आभा रजक है। जूनियर बालक वर्ग की कप्तानी प्रियांश ठाकुर" व जूनियर बालिका वर्ग की कप्तानी कुमकुम यादव को दी गई है। ये सभी बिलासपुर जिले को प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच शुभम मानिक ने सभी टीम व खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

टीम सीनियर (बालक वर्ग) में मार्क अगस्टीन थामस,अभिनव यादव, ऋतिक श्रीवास्तव,श्रीजन धर दीवान,ललित राठिया,शुभम यादव,जोंटी एक्का,बाजिल पीयूष सोरेंग,नीलेश साई,रोहित भगत, अनुग्रह शर्मा और राजेश बारीक शामिल हैं। बालिका सीनियर वर्ग में आभा रजक (कप्तान), मानसी श्रीवास,अपूर्वा सिंह ठाकुर,स्नेहा तिग्गा,केशर सूर्यवंशी,निधि सिंह,निधि यादव,स्नेहा भूमि,पूर्णिमा और जागृति शामिल हैं। इसी तरह जूनियर वर्ग बालक प्रियांश ठाकुर (कप्तान),शुभम यादव,मिनेश गौतम,बाजिल पीयूष सोरेंग,नीलेश साई, उपदेश,इजहार लहरे,अर्पित ध्रुव,अतीक दुबे और आकाश राव,जूनियर बालिका वर्ग कुमकुम यादव,ईशा किरण किडो,स्नेहन भूमि,पूर्णिमा नायक, दृष्टि चंद्राकर,प्रतिभा बंजारे,प्रगति नवरत्न,पूजा, संध्या विश्वकर्मा,दिव्या ठाकुर कोच–शुभम मानिक,रोहित भगत, मैनेजर-आभा रजक, मानसी श्रीवास, मोहन तिवारी और अपूर्वा सिंह ठाकुर शामिल है।

## मधुमेह नियंत्रित रखने आहार और पाचन को ठीक रखना जरूरी

# गर्मियों में ये लक्षण भी शुगर बढ़ने का हो सकते हैं संकेत, न करें इन्हें अनदेखा

हाई ब्लड शुगर की समस्या को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। गर्मी के दिनों में ब्लड शुगर बढ़ने और इसके कारण होने वाली दिक्कतों का जोखिम और भी अधिक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, जिन लोगों के शुगर का स्तर अक्सर सामान्य से अधिक बना रहता है उनमें हृदय रोग, तंत्रिकाओं, आंखों से संबंधित कई तरह की दिक्कतों का जोखिम रहता है। इसे नियंत्रित रखने के लिए आहार और पाचन को ठीक रखना जरूरी हो जाता है। डॉक्टर बताते हैं, उच्च तापमान की स्थिति शुगर को बढ़ा सकती है। ऐसे में जिन लोगों को पहले से डायबिटीज की समस्या रही है उन्हें धूप के संपर्क में आने से बचने, खूब पानी पीते रहने की सलाह दी जाती है।



### गर्मियों में शुगर लेवल बढ़ने की समस्या

रिपोर्ट के मुताबिक गर्मी के दिनों की असामान्य परिस्थितियां शुगर के स्तर में बढ़ोतरी का कारण बन सकती हैं। इन दिनों में निर्जलीकरण का जोखिम अधिक होता है जो सीधे तौर पर रक्त शर्करा को बढ़ा सकती है। इसके अलावा उच्च तापमान के कारण रक्त वाहिकाएं फैल जाती हैं, जिससे इंसुलिन का अवशोषण बढ़ सकता है।



### थकान-कमजोरी जैसे लक्षण

शुगर का स्तर बढ़ने पर ऊर्जा के लिए ग्लूकोज का उपयोग करने की शरीर की क्षमता भी बाधित हो जाती है जिसके कारण आपको थकान और सुस्ती की दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा निर्जलीकरण के कारण मुंह और त्वचा अक्सर सूखा हुआ रहा है। गर्मियों में शरीर को स्वस्थ बनाए रखने और शुगर के स्तर को नियंत्रित रखने के लिए संतुलित आहार का सेवन, नियमित शारीरिक गतिविधि और उचित नींद लेना सुनिश्चित करें। रक्त शर्करा के स्तर की नियमित रूप से जांच करते रहना बहुत जरूरी माना जाता है।

### बार-बार पेशाब आना

रक्तप्रवाह में अतिरिक्त ग्लूकोज की मात्रा के कारण मूत्र उत्पादन बढ़ जाता है। यह शरीर द्वारा अतिरिक्त शर्करा को निकालने के लिए किया जाने वाला प्रयास है। अगर आपको बार-बार पेशाब जाने की जरूरत महसूस होती है, एक घंट में दो बार से अधिक पेशाब जाना पड़ता है तो सावधान हो जाइए। इन स्थितियों में नियमित रूप से रक्त शर्करा के स्तर की जांच करें और शुगर के उचित प्रबंधन के लिए डॉक्टर की सलाह लें।

### बहुत अधिक प्यास लगना

गर्मियों में प्यास लगना सामान्य है, हालांकि पानी पीते रहने के बावजूद अगर आपको प्यास लगी रहती है तो इसे उच्च रक्त शर्करा का संकेत माना जा सकता है। शुगर बढ़ने के कारण किडनी को अतिरिक्त ग्लूकोज को छानने और अवशोषित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इससे मूत्र उत्पादन और शरीर में द्रव की कमी बढ़ जाती है। ये स्थितियां प्यास को बढ़ाने वाली मानी जाती हैं। अगर आपको बहुत अधिक प्यास लगी रहती है तो एक बार शुगर की जांच जरूर कर लें।




# वीकेंड पर पड़ता है काम का भार, हर रोज घर की सफाई का बनाएं प्लान

अगर आपको वीकेंड पर सफाई करने में परेशानी होती है, तो इसका एक आसान तरीका यह है कि आप अपने काम बांट लें। क्योंकि सफाई न सिर्फ आपको, बल्कि आपके पूरे परिवार को स्वस्थ रख सकती है। इसलिए, सप्ताह के दिनों को बेहतर तरीके से संगठित रखने के लिए एक आसान सफाई का रूटीन पालन करने से आपके घर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखने में मदद मिल सकती है। यहां सोमवार से शुक्रवार तक सफाई करने की रूटीन दी गई है।

सुबह उठते ही बिस्तर को ठीक से बना लें। इससे आपका बेडरूम तुरंत व्यवस्थित दिखेगा। रात के बर्तन धो लें और सिंक को साफ करें। सभी काउंटर टॉप्स को साफ और सैनिटाइज करें। कचरे का डिब्बा खाली करें और नया बैग लगाएं। सुबह ब्रश करने और तैयार होने के बाद सिंक और काउंटर टॉप्स को पोंछें। शौचालय को रोजाना हल्के ब्रश से साफ करें। शावर के बाद शीघ्रता से शावर और टब को पोंछ लें।

दोपहर में सफाई करने के लिए, टेबल, शेल्फ और टीवी स्टैंड को रोजाना धूल से मुक्त रखें। कुशन को फुलाएं और सोफे को व्यवस्थित करें। रोजाना फर्श को वैक्यूम या झाड़ू से साफ करें, विशेषकर हाई ट्रैफिक एरिया में।

शाम की सफाई, खाना पकाने के बाद सभी बर्तनों को साफ करें और किचन को व्यवस्थित करें। फिर से काउंटर टॉप्स को पोंछें। अगर फर्श गंदा है, तो उसे झाड़ू या मॉप से साफ करें। डाइनिंग एरिया में खाने के बाद टेबल को साफ करें। कुर्सियों को व्यवस्थित करें और नीचे की जगह को साफ करें। रोजाना कपड़ों का ढेर न बनाएं। एक छोटी मात्रा में रोजाना लॉन्ड्री करें।



**सोमवार: रसोई की सफाई** -10 मिनट: सभी किचन काउंटर टॉप को साफ करें और सतहों को सैनिटाइज करें। 5 मिनट:सिंक को स्क्रब करें और नल को पॉलिश करें। 5 मिनट: फ्रिज और माइक्रोवेव के अंदर और बाहर को पोंछें। कचरा निकालें और नया बैग लगाएं।

**मंगलवार: बाथरूम की सफाई** -10 मिनट: सिंक और काउंटर टॉप्स के सभी सतहों को साफ करें और सैनिटाइज करें। 10 मिनट: शौचालय के अंदर और बाहर को साफ करें। 5 मिनट: शॉवर और टब को स्क्रब करें। शीशे को पोंछें और फर्श को मॉप करें।

**बुधवार: धूल और झाड़ना** - 10 मिनट: सभी फर्नीचर, शेल्फ और अन्य सतहों से धूल हटाएं। 5 मिनट: लाइट फिक्स्चर और पंखों को साफ करें। 5 मिनट: सोफे, कुर्सियों और बिस्तरों के नीचे और पीछे की धूल साफ करें।

**गुरुवार: फर्श की सफाई**-10 मिनट: सभी कालीन और फर्श को वैक्यूम करें। 5 मिनट: सभी फर्शों को मॉप करें। 5 मिनट: प्रवेश द्वार और रसोई के मैट्स को झाड़ें या साफ करें।

**शुक्रवार: सामान्य संगठन और डी-क्लटरिंग**-10 मिनट: किसी एक कमरे में डी-क्लटर करें और अव्यवस्थित वस्तुओं को हटाएं। 10 मिनट: सभी वस्तुओं को उनकी सही जगह पर रखें। 10 मिनट: यदि आवश्यक हो, तो लॉन्ड्री को धोएं, सुखाएं और तह करें। सप्ताह के लिए आवश्यक चीजों की सूची बनाएं।

सफाई करते समय हल्का म्यूजिक चलाएं, जिससे सफाई का काम बोझिल न लगे। हर एक काम के लिए एक टाइमर सेट करें, ताकि आप सफाई के कार्यों में अधिक समय न लगाएं। परिवार के सदस्यों को भी सफाई के कामों में शामिल करें, ताकि काम जल्दी और मजेदार तरीके से पूरा हो सके। इस तरह की डेली रूटीन से सफाई के काम छोटे-छोटे हिस्सों में बंट जाएंगे और आपको एक साफ और व्यवस्थित घर मिलेगा।

# लोहे के बर्तनों में खाना बनाने से जुड़े इन मिथकों पर ना करें यकीन

क्या आपको कास्ट आयरन के बारे में पता है? कैसे ये नॉर्मल लोहे के बर्तनों से अलग होते हैं? इस बात से बहुत फर्क पड़ता है कि हम किस तरह के बर्तन में खाना बना रहे हैं। खाने के बर्तन हमारी हेल्थ के लिए जिम्मेदार होते हैं और कास्ट आयरन कुकवेयर को भी बहुत ही हेल्दी माना जाता है। हालांकि, कास्ट आयरन को लेकर कई तरह के मिथक हैं जिनके कारण उन्हें लोग ज्यादा खरीदते नहीं हैं। एल्युमीनियम और नॉन-स्टिक के बर्तन सस्ते भले ही हों, लेकिन उनके कारण हेल्थ को लेकर बहुत सारी समस्याएं होती हैं।



### क्या है कास्ट आयरन और आम लोहे के बर्तनों में?

आम लोहे के बर्तन लोहे के साथ कई अन्य तरह के धातु जैसे एल्युमीनियम से मिलकर बने होते हैं। इनमें जंग भी जल्दी लगती है और आपने देखा होगा कि इनमें खाना पकाने से खाने में काला रंग आ जाता है। कास्ट आयरन कुकवेयर प्योर लोहे के बने होते हैं जिनके कारण ये बहुत लंबे समय तक चलते हैं और खाने का स्वाद भी बढ़ाते हैं।

कास्ट आयरन में ऐसा खाना पकाया जा सकता है जो लंबे समय में पकता है जैसे मीट आदि।

कास्ट आयरन कुकवेयर से जुड़े कई मिथक हैं जिनके कारण ये अभी भी ज्यादा लोकप्रिय नहीं हुई हैं। क्या इन्हें खरीदना चाहिए और क्या इन्हें रखा आसान है यह जानने के लिए डॉक्टर मनु नंदा से बात की। डॉक्टर मनु का कहना है कि कास्ट आयरन अधिकतर शेफ्स के बीच फेमस है क्योंकि लोग आमतौर पर इसके उपयोग को समझ नहीं पाते हैं।

*मिथक: कास्ट आयरन के बर्तन जल्दी खराब हो जाते हैं*

हां, यह सच है कि इन्हें थोड़ी केयर की जरूरत पड़ती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ये आसानी से मेंटेन नहीं किए जा सकते। इन्हें तेल से रेगुलर सीजन करना पड़ता है जिससे जंग लगने की समस्या खत्म हो जाए साथ ही नॉन-स्टिक सरफेस भी बना रहे। इन्हें साफ करने के लिए बहुत ज्यादा हार्ड डिटर्जेंट इस्तेमाल करना सही नहीं होता है।

*मिथक: कास्ट आयरन कुकवेयर में एसिडिक फूड्स नहीं बनाए जा सकते*

हां, आप इन्हें रोजाना नहीं बना सकती हैं जिससे कास्ट आयरन की सीजनिंग खराब होती है, लेकिन आप कभी-कभी इन्हें बना सकती हैं और इनके स्वाद और कास्ट आयरन की प्रोटेक्टिव लेयर किसी भी चीज में कोई खराबी नहीं होगी।

*मिथक: कास्ट आयरन सिर्फ चीजों को फ्राई करने के लिए अच्छा होता है*

ऐसा बिल्कुल नहीं है, कास्ट आयरन में आप किसी भी तरह की डिश बना सकते हैं और यह बेकिंग, रोस्टिंग, चीजों को फ्राई करना, उन्हें सेकना किसी भी चीज के लिए अच्छा हो सकता है।

*मिथक: कास्ट आयरन में जल्दी पकने वाला खाना नहीं बनाया जा सकता*

# क्या पैर के ऊपर पैर रखकर बैठना सही है?

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हमारे शरीर के सभी अंग किसी न किसी ग्रह से जुड़े हुए हैं। ऐसे में जब हमारा शरीर किसी भी तरह की गतिविधि में शामिल होता है तो उसके प्रभाव से ग्रह कमजोर या मजबूत होते हैं।

शास्त्रों में ऐसी कई आदतें हैं जिन्हें गलत बताया गया है। इन आदतों को अगर हम हमारे जीवन में अपनाते हैं तो निश्चित ही हमारे जीवन पर इन आदतों का बुरा असर देखने को मिलता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हमारे शरीर के सभी अंग किसी न किसी ग्रह से जुड़े हुए हैं।

ऐसे में जब हमारा शरीर किसी भी तरह की गतिविधि में शामिल होता है तो उसके प्रभाव से ग्रह कमजोर या मजबूत होते हैं और उसी आधार पर शुभ-अशुभ घटनाएं हमें जीवन में नजर आने लगते हैं। ठीक ऐसी ही एक आदत अक्सर लोगों में देखने को मिलती है जो कि पैर पर पैर रखकर बैठने की है। ये अदा लोगों में बहुत आम होती है लेकिन ज्योतिष में इसका गहरा अर्थ बताया गया है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से जानते हैं कि पैर पर पैर रखकर बैठना ठीक है या नहीं।



### पैर पर पैर रखकर बैठना सही या गलत

शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि पैरों में शनि देव का स्थान मौजूद है यानी कि अगर हमारे पैर में कोई तकलीफ होती है या पैरों से जुड़ी कोई बीमारी हमें घेरती है तो इसका मतलब है कि शनि कुंडली में कमजोर हैं और अपना दुष्प्रभाव दिखा रहे हैं।

वहीं,ज्योतिष शास्त्र कहता है कि पैर पर पैर रखकर बैठने से शनि की दिशा में बदलाव होने लगता है और उच्च स्थान पर मौजोइड शनि नीच स्थान पर जाने लगते हैं।

इसके कारण शनि दोष कुंडली में उत्पन्न होता है और गृह शांति भंग करने का काम करता है। इसके अलावा, एक लोक मान्यता यह भी है कि पैर पर पैर रखकर बैठने से घर में दरिद्रता आती है। घर से मां लक्ष्मी का वास खत्म हो जाता है और धन हानि के योग बनने लगते हैं।

# बच्चों की हैंडराइटिंग सुधारने के लिए इस तरीके से कराएं प्रैक्टिस, बड़े होने पर नहीं होगी परेशानी

*आजकल के बच्चे लिखने-पढ़ने से ज्यादा ध्यान मोबाइल पर ही देने लगे हैं। ऐसे में, उनकी लिखावट पर भी बुरा असर पड़ रहा है। यही नहीं, राइटिंग के कारण स्कूल के एग्जाम में भी कम मार्क्स मिलते हैं। इसको लेकर अक्सर पेरेंट्स के पास भी बच्चों की शिकायतें आती है। पेरेंट्स के लिए बच्चों का भविष्य और एजुकेशन बहुत मायने रखता है। कोई भी बच्चा जरूरी नहीं कि बचपन से पढ़ाई में मन लगाए ही। कुछ बच्चे स्कूल और स्टडी के नाम से ही आनाकानी करते हैं। इसलिए वह अपनी हैंडराइटिंग पर भी ध्यान नहीं देते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी कुछ ऐसा ही हाल है और आप भी उनकी गंदी हैंडराइटिंग से परेशान हैं, तो इस गर्मी की छुट्टी में आप इस पर काम कर सकते हैं। यहां हम कुछ टिप्स बताए हैं, जिसे बच्चे को प्रैक्टिस करवाने से आप उनकी राइटिंग में सुधार ला सकते हैं।*



### अच्छे से पेंसिल पकड़ना सिखाएं

बच्चों को सही तरीके से पेंसिल पकड़ना सिखाएं। बहुत बच्चे गलत तरीके से पेंसिल पकड़ते हैं, जिसके कारण भी उनकी राइटिंग खराब होती है। ऐसे में, बच्चों को तीन अंगुलियों (अंगूठा, तर्जनी और मध्यमा) का उपयोग करके पेंसिल को पकड़ने के लिए कहें और बच्चे का हाथ पकड़ कर उन्हें साथ-साथ लिखवाएं। इसके बाद, उसी तरह बच्चे से लिखने के लिए कहें।

### रेखाएं खींचने की कराएं प्रैक्टिस

बच्चों को एक पन्ने में सीधी, तिरछी और घुमावदार रेखाएं खींचने का अभ्यास कराएं। यह उन्हें अपनी हैंडराइटिंग पर नियंत्रण और सटीकता विकसित करने में मदद कर सकता है। इससे बच्चे की लिखावट में भी काफी सुधार देखने को मिलेगा।

### लिखने का रोजाना कराएं अभ्यास

बच्चों को बड़े अक्षरों और छोटे अक्षरों का अभ्यास कराएं। वह अक्षर को सही तरीके से लिखे, इसपर ध्यान देते रहें। पहले सरल शब्दों की प्रैक्टिस कराएं। इसमें सुधार आने के बाद, धीरे-धीरे थोड़े जटिल शब्दों की ओर बढ़ें। फिर, वाक्यों का अभ्यास कराएं। इसके लिए हर दिन एक पन्ने जरूर उनसे जरूर लिखवाएं।

### ट्रेस बुक पर कराएं प्रैक्टिस

लिखावट अच्छी करने के लिए उसे अल्फाबेट और नंबर वाले लेटर ट्रेस बुक खरीद कर लाएं। बच्चों को इस ट्रेस बुक से अल्फाबेट को सही तरीके से बनाने और हैंडराइटिंग में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

### पेंटिंग और ड्राइंग पर कराएं फोकस

बच्चों को पेंटिंग और ड्राइंग के लिए प्रोत्साहित करें। यह उनकी रचनात्मकता और कौशल विकसित करने में मदद कर सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कैप्टन अमेरिका- ब्रेव न्यू वर्ल्ड में हुई जियानकार्लो एस्पोसिटो की एंट्री

मशहूर अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में अपनी अदाकारी का जलवा दिखाते नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में वह अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म अगले साल 4 फरवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।



मशहूर अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो जल्द ही 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में अभिनेता ने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में शामिल होने को लेकर लोगों को हिंट दिया था। अभिनेता ने इस महीने की शुरुआत में ब्राजील में सीसीएक्सपी में खुलासा किया था कि उन्हें मार्वल के एक प्रोजेक्ट के लिए कास्ट किया गया है। हालांकि, वहां उन्होंने प्रशंसकों की उन अटकलों को खारिज कर दिया, जिसमें कयास लगाए जा रहे थे कि वह एक्स-मेन में प्रोफेसर एक्स की भूमिका निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह जल्द ही ₹कैप्टन अमेरिका ब्रेव न्यू वर्ल्ड" में अभिनय का जलवा बिखेरेंगे। फिल्म में वे खलनायक की भूमिका में होंगे। हालांकि, निर्माताओं ने उनकी भूमिका को अब तक गुप्त रखा है। सिनेमाघरों में यह फिल्म अगले साल 4 फरवरी में रिलीज होगी। एंथनी मैकी फिल्म में कैप्टन अमेरिका बने एक बार फिर से नजर आएंगे। सिनेमाकॉन में डिज्नी की प्रस्तुति के दौरान एक्शन से भरपूर इस फिल्म की पहली झलक सामने आई थी।

### टॉलीवुड

## बड़े पर्दे पर जूनियर एनटीआर की 'देवरा' से भिड़ेंगे रजनीकांत

सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वेट्टैयन' के निर्माण में व्यस्त हैं। फिल्म का क्रेज दर्शकों पर भी खूब छाया है। फिल्म के बारे में लगातार दर्शक छोटी से छोटी जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की रिलीज की



तारीख पर बड़ा अपडेट सामने आया है। अभिनेता ने फिल्म की रिलीज की तारीख का खुलासा खुद अपने आध्यात्मिक दौरे के दौरान किया है। हालांकि, 'वेट्टैयन' की रिलीज डेट जान प्रशंसकों को झटका लगा है, क्योंकि अभिनेता की फिल्म जूनियर एनटीआर की 'देवरा' के साथ टकराएगी। दरअसल, सुपरस्टार रजनीकांत इस समय हिमालय की अपनी वार्षिक आध्यात्मिक यात्रा पर हैं। उनके दौरे से एक नया क्लिप सामने आया है, जिसमें वे एक योगी से बातचीत कर रहे हैं। वीडियो में वे निर्देशक टीजे ज्ञानवेल की 'वेट्टैयन' के लिए अपने हिस्से को पूरा करने के बारे में बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म दशहरा की छुट्टियों के दौरान 10 अक्तूबर को रिलीज होगी। अभिनेता ने अपनी नई फिल्म 'कुली' के बारे में भी अपडेट साझा किया। आधिकारिक एलान करने से पहले ही 'वेट्टैयन' की टीम ने फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। योगी से बातचीत के दौरान रजनीकांत ने कहा कि उन्होंने 'वेट्टैयन' के लिए अपने हिस्से पूरे कर लिए हैं और पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है।

### भोजपुरी

## 'बड़े घर की बेटी' दिखाती है तेवर या बढ़ाती है मान-सम्मान! दर्शकों को रहेगा इंतजार



नई भोजपुरी फिल्म 'बड़े घर की बेटी' का शानदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें भोजपुरी की फेमस एक्ट्रेसेस अंजना सिंह और यामिनी सिंह हैं। उनके साथ अविनाश साही राकेश बाबू और संतोष श्रीवास्तव भी हैं। ट्रेलर को हफ्तेभर में ही 4 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। भोजपुरी फिल्म 'बड़े घर की बेटी' की शूटिंग कुछ महीने पहले ही शुरू हुई थी और अब इसका ट्रेलर भी आ गया है। यह एक कंटेंट महिला सशक्तिकरण की कहानी पर आधारित है, जिसमें भोजपुरिया टीआरपी क्विन अंजना सिंह और नई जनरेशन की सनसनी यामिनी सिंह लीड रोल्स में हैं। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, अंजनी तिवारी और नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। फिल्म को बिग स्केल पर शूट किया गया है। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा को नई दिशा देने वाली हो सकती है। फिल्म के निर्माता ने बताया कि 'बड़े घर की बेटी' बेहद सामाजिक और सरोकारों वाली फिल्म है। फिल्म के निर्देशक संजीव बोहरपी ने बताया कि 'इस फिल्म की कहानी दर्शकों के दिलों को छू लेगी।' उन्होंने कहा कि 'बचपन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े घर की बेटी पढ़ा था, फिर इस टाइटल से हिंदी सिनेमा में एक फिल्म भी बनी थी। लेकिन हमारी यह फिल्म इन दोनों से काफी अलग है और फ्रेश कहानी के साथ हम दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म की कास्टिंग भी कहानी के हिसाब से ही की गई है इसलिए हमें लगता है कि यह फिल्म दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि कथ्य प्रधान फिल्मों में काम करने का अपना ही अंदाज होता है। मैंने भोजपुरी में बहुत सारी फिल्में की है, लेकिन यह फिल्म उन सभी फिल्मों से अलग है और मैं उम्मीद करती हूं कि जब भी रिलीज होगी, दर्शक इसे जरूर सिनेमाघर में जाकर देखेंगे।

### लाइफ स्टाइल

### पेशेवर मॉडल बनाने की राह



वियतनामी फैशन उद्योग में ए डॉग प्रोडक्शन एक प्रमुख मॉडल एजेंसी है। मॉडलों को प्रशिक्षित करने और प्रबंधित करने के लिए प्रसिद्ध, यह महत्वाकांक्षी पेशेवरों को ढालने में अग्रणी है। छात्र व्यापक शिक्षा प्राप्त करते हैं, कुशल मॉडल बनने के लिए कौशल प्राप्त करते हैं, चाहे वे युवा हों या अनुभवी। युवा यहां इंटर्नशिप करते हैं, राष्ट्रीय फैशन शो में भाग लेने का अवसर प्राप्त करते हैं। ऐसी ही एक फैशन परेड में हिस्सा लेते युवाओं का एक समूह।

## अगर आपकी स्किन है ऑयली तो न करें ये काम, हो सकता है नुकसान

समर सीजन में स्किन की सबस ज्यादा केयर करनी पड़ती है। दरअसल, इस सीजन में धूप की वजह से पसीना आता है और पसीने की वजह से स्किन से जुड़ी समस्या शुरू हो जाती है। वहीं जिन लोगों की स्किन ऑयली है उन्हें सबसे ज्यादा इस मौसम में अपनी स्किन की केयर करनी पड़ती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में ऑयली स्किन होने के कारण और पसीने की वजह से दाने और मुहांसों की समस्या पैदा हो जाती है। ऐसे में जरुरी है इस मौसम में स्किन की केयर करना ताकि स्किन से जुड़ी कोई भी समस्या पैदा न हो साथ ही स्किन को कोई नुकसान न हो। इस आर्टिकल में हम ऑयली स्किन वाले लोगों को कुछ जरुरी बातें बताने जा रहे हैं जो ऑयली स्किन वाले लोगों को समर सीजन में नहीं करनी चाहिए।



### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

कई महिलाएं चिपचिपी त्वचा होने की वजह से सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करती हैं लेकिन ऐसा करना गलत है। समर सीजन में सनस्क्रीन का जरुर इस्तेमाल करें ताकि धूप की वजह से स्किन को होने नुकसान को बचाया जा सकें।वहीं आपकी स्किन के लिए किस तरह कासनस्क्रीनसही रहेगा इसके लिए आप डॉक्टर या एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।

**चेहरे को करें मॉइस्चराइज** : ऑयली स्किन वाली महिलाएं समर सीजन में मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी शिकायत रहती हैं कि मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करने से चेहरा चिपचिपा होने लगता है लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। मौसम कोई भी स्किन को जरूर मॉइस्चराइज करें।

### हार्ड स्क्रब का न करें इस्तेमाल

कई महिलाएं इस मौसम में स्किन को साफ करने के हार्ड स्क्रब का इस्तेमाल करती हैं लेकिन ऐसा करना भी गलत हैं। हार्ड स्क्रब का इस्तेमाल करने से जहां स्किन से जुडी समस्या पैदा हो सकती हैं तो वहीं स्किन की नुकसान भी हो सकता हैं। स्किन को साफ करने से हार्ड स्क्रब का इस्तेमाल न कुरें।

### फेस ज्यादा न करें वॉश

समर सीजन में ऑयली स्किन वाली महिलाएं पसीने के कारण बार-बार फेस को वॉश करती हैं ताकि स्किन साफ हो जाए। वहीं ऐसा करना गलत है। दरअसल, चेहरे को बार-बार वॉश करने से स्किन ड्राई हो जाती हैं और स्किन के ड्राई होने की वजह से स्किन से जुड़ी समस्या पैदा हो जाती हैं। वहीं ऐसे में सिर्फ दिन 2 से 3 बार फेस को वॉश करें और इसके बाद स्किन को मॉइस्चराइज करें।

## गर्मियों के लिए ऑर्गेंजा सलवार सूट के ये नए डिजाइंस हैं बेस्ट




सलवार-कमीज में सही फिटिंग पाने के लिए आपको सबसे पहले लेटेस्ट फैशन और अपने बॉडी टाइप को समझना सबसे जरूरी होता है। सलवार-सूट हम रोजाना पहनते हैं। वहीं रोजाना चाहे ऑफिस जाना हो या किसी छोटे-बड़े फंक्शन के लिए हम अक्सर फैंसी डिजाइन चुनना पसंद करते हैं। बढ़ती गर्मी के चलते ज्यादा हैवी वर्क कैरी कर पाना बिल्कुल भी आसान नहीं है। इस मौसम में आप फैंसी लुक पाने के लिए ऑर्गेंजा फैब्रिक से बने सलवार-सूट को पहन सकती हैं। तो आइये देखते हैं ऑर्गेंजा सलवार-सूट के नए और खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-कमीज को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-

**फ्लोरल डिजाइन ऑर्गेंजा सलवार-सूट** : फ्लोरल डिजाइन गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं। इसमें आप चाहे तो ऑल ओवर डिजाइन का सूट सिलवा सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो दुपट्टे के लिए प्लेन सिल्क दुपट्टा चुन सकती हैं। इस तरह के सूट आजकल आपको नायरा कट और आलिया कट डिजाइन में भी आसानी से मिल जाएंगे।

**प्लेन ऑर्गेंजा सलवार-सूट** : आजकल प्लेन सलवार-सूट के साथ में हैवी वर्क वाले दुपट्टे को कैरी किया हुआ लुक चलन में है। इस तरह के लुक के साथ में फुल लेंथ कुर्ती स्टाइल सूट के साथ में प्लेन सलवार की जगह पर आप एंकल लेंथ वाली पैन्ट्स को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सलवार-सूट आप फैब्रिक खरीदकर खुद अपनी पसंद से भी सिलवा सकती हैं।




**प्रिंटेड डिजाइन ऑर्गेंजा सलवार-सूट** : गर्मी के मौसम में और ऑर्गेंजा फैब्रिक में सबसे ज्यादा आपको प्रिंटेड डिजाइन में काफी बड़ा कलेक्शन देखने को मार्केट में आसानी से मिल जाएगा। इसमें आप फैब्रिक खरीदकर खुद कस्टमाइज करवा रही हैं तो आलिया कट डिजाइन बनवा सकती हैं। इस तरह के डिजाइन के लिए आप मीडियम चौड़ी गोटा-पट्टी लेस लगवा सकती हैं।

## समर सीजन में लगा रही हैं बालों पर मेहंदी तो इन बातों का रखें ध्यान

गर्मियों के सीजन में कई महिलाएं बालों की सुंदरता बढ़ाने के लिए मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी लगाने से जहां बालों की खूबसूरती बढती हैं तो वहीं बाल हेल्दी भी होते हैं लेकिन समर सीजन में मेहंदी लगाने के दौरान कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। इस आर्टिकल में हम आपको बालों पर मेहंदी लगाने के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ऐसी कुछ टिप्स देने जा रहे हैं और इन टिप्स को आप बालों पर मेहंदी लगाने के दौरान जरुर फॉलो करनी चहिए ताकि बालों को कोई नुकसान न हो।

### इस तरह बनाए मेहंदी का पेस्ट

कई महिलाएं होती हैं जो जल्दी जल्दी में मेहंदी कुछ ही समय में घोलकर लगा देती हैं। इस तरह से मेहंदी नहीं लगानी चाहिए । मेहंदी को बालों पर अप्लाई करने से १ दिन या रात को भिगोकर रख लें और इसके बाद सुबह के समय बालों पर मेहंदी लगाएं। वहीं मेहंदी लगाने के लिए कम से कम 12 घंटे पहले भीगा लें।



### बाल धोने के बाद लगाएं मेहंदी

जहां मेहंदी को अच्छी तरह से भीग कर बालों पर अप्लाई करना चाहिए तो वहीं बालों पर मेहंदी लगाने से पहले बालों को अच्छी तरह से धो लें। ऐसा इसलिए क्योंकि बालों को धोने से ये अच्छी तरह से साफ हो जाएंगे और इसके बाद मेहंदी लगाने का पूरा फायदा आपको मिलेगा। वहीं अगर आप बालों को शैंपू से धो रही हैं तो ये काम एक दिन पहले कर लें।

### तेल वाले बालों पर न लगाएं मेहंदी

मेहंदी लगाने से पहले इस बात का ध्यान रखें की आपके बालों पर तेल न लगा हो। कई महिलाएं बालों पर तेल लगे होने पर ही डायरेक्ट मेहंदी अप्लाई कर लेती हैं लेकिन ऐसा करना गलत हैं। बालों पर मेहंदी लगाने से पहले बालो को अच्छी तरह से हेयर वॉश कर लें।

## पैरों की शोभा बढ़ाएंगे चांदी वाले बिछिया के नए-नए डिजाइंस

किसी तीज-त्योहार के लिए तैयार होना हम सभी को पसंद होता है। ऐसे में वट सावित्री पूजा आ रही है। खासकर सुहागनों के लिए यह दिन बेहद खास होता है। इस दिन वह तैयार होना भी काफी पसंद करती हैं। मेकअप और कपड़ों के अलावा पैरों की खूबसूरती को भी कायम रखना जरूरी होता है।

पैरों को खूबसूरत बनाने के लिए आप बिछिया पहन सकती हैं। वहीं चांदी की बिछिया में आपको कई नए डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। तो चलिए देखते हैं चांदी की बिछिया के ये नए डिजाइंस और जानेंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान तरीके।

**फैंसी बिछिया डिजाइन** : खास मौकों के लिए आप इस तरह की फूल-पत्ती डिजाइन वाली बिछिया



को पैरों में पहन सकती हैं। इसमें आपको रंग-बिरंगे डिजाइन में कई पैटर्न देखने को मिल जाएंगे। वहीं पैरों के आकार के हिसाब से आप अलग-अलग साइज में इसे खरीदकर पहन सकती हैं।

**मराठी स्टाइल बिछिया डिजाइन** : मराठी नथ की डिजाइन पसंद करती हैं तो इसमें आपको मसोली डिजाइन की बिछिया में भी कई साइज देखने को मिल जाएंगे। वहीं इसमें आप चाहे तो अपने हिसाब से घुंघरू भी लगवा सकती हैं। चांदी में आपको मसोली बिछिया के वर्क वाले डिजाइन भी देखने को मिल जाएंगे।

**मोर डिजाइन बिछिया** : अन्य फैंसी डिजाइन की बिछिया पहनना चाहती हैं और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह से मोर के डिजाइन में बिछिया पहन सकती हैं। आप चाहे तो बड़े साइज के बिछिया लेकर इसमें मोती भी लगवा सकती हैं और इसे हैवी लुक दे सकती हैं।

**घुंघरू डिजाइन बिछिया** : सिंपल और सबसे ज्यादा घुंघरू के डिजाइन की बिछिया को पसंद किया जाता है। घुंघरू में आपको छोटे-बड़े साइज भी मिल जाएंगे। इसके अलावा आप चाहे तो एक ही पैर की तीन उंगलियों में एक जैसे दिखने वाले घुंघरू लगे हुए बिछिया भी पहन सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### लेटेस्ट फैशन के साथ-साथ आपको मौसम के हिसाब से भी चुनने चाहिए कपड़े

## गर्मियों के लिए स्किन फ्रेंडली रहेंगे ये कलर्स, दिखेंगे अप-टू-डेट

स्टाइलिश दिखना आसान नहीं होता है बल्कि इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की सभी चीजों की जानकारी के साथ अपने लुक को स्टाइल करना होता है। वहीं क्या आप जानती हैं कि लेटेस्ट फैशन के साथ-साथ आपको मौसम के हिसाब से भी कपड़े चुनने चाहिए ताकि आपका लुक अप-टू-डेट नजर आए। गर्मियां शुरू हो चुकी है। इस मौसम में कपड़े खरीदते समय आपको पैटर्न से लेकर फैब्रिक तक का खास ख्याल रखना जरूरी होता है ताकि पहने हुए कपड़े चुभें नहीं और आप आराम से उसे घंटों तक पहन पाए। इन सबके अलावा आपको कलर पैटर्न और कॉम्बिनेशन का भी खास ख्याल रखना जरूरी होता है। वहीं अगर आप गर्मियों के मौसम में अपने लिए परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन ढूंढ रही हैं तो इस आर्टिकल को आखिर तक जरूर पढ़ें।



### डबल शेड चुनें

इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। बता दें कि इस सीक्वेन वर्क आजकल काफी चलन में है, लेकिन इस तरह का डबल शेड पैटर्न गर्मियों में किसी भी शादी व फंक्शन के लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह की खूबसूरत मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में करीब 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी।

### ब्राइट कलर चुनें

आजकल ब्राइट कलर काफी पसंद किए जा रहे हैं। बता दें कि गर्मियों में इस तरह के कलर पहनने से गर्मी कम लगती है और चेहरा खिला हुआ नजर आता है। इस खूबसूरत आउटफिट को डिजाइनर अर्पिता मेहता ने डिजाइन किया है। बता दें कि इस तरह की मिलती-जुलती आउटफिट आपको मार्केट में करीब 2000 रुपये से लेकर 3000 रुपये में असानी से मिल जाएगी।



### कूल टोन है बेस्ट

वहीं अगर आप कुछ हटकर ट्राई करना चाहती हैं तो इस तरह का कलर आपके लिए परफेक्ट रहेगा। बता दें कि इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर फाल्गुनी शेन पीकॉक ने डिजाइन किया है। वहीं इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में करीब 2000 रुपये से लेकर 3500 रुपये में आसानी से मिल जाएगी।